राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14

अंक : 265

पृष्ठ : 08

गौतमबुद्धनगर

मंगलवार 19 अगस्त 2025

मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 नोएडा क्रिकेट स्टेडियम विवाद पर हाईकोर्ट का फैसला

पेज 4 जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ तहसील सम्पूर्ण

पेज 6 शुभमन गिल हो सकते हैं बाहर, यशस्वी जायसवाल एशिया कप

## संक्षिप्त खबरें

### तेजप्रताप की नई पार्टी-जनशक्ति जनता दल

**पटना।** बिहार में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव जनशक्ति जनता दल से बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। तेजप्रताप के करीबी बालेंद्र दास ने 2024 में यह पार्टी बनाकर लोकसभा चुनाव लड़ा था। तब उनका चुनाव चिन्ह बांसुरी था। बालेंद्र दास अध्यक्ष और प्रशांत प्रताप राष्ट्रीय महासचिव थे। सोमवार को जनशक्ति जनता दल को चुनाव आयोग से मान्यता मिल गई है। तेजप्रताप यादव चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंचे और 30 मिनट तक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से बात की। चुनाव आयोग के अधिकारी ने भास्कर को बताया कि इस पार्टी को तेजप्रताप ने अपने नाम पर रजिस्टर करा लिया है।

### लोकसभा में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पर विशेष चर्चा

**नई दिल्ली।** वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में सोमवार दोपहर 2 बजे भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सफल अंतरिक्ष मिशन पर चर्चा शुरू हुई। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज देश शुभांशु के लौटने पर सफल अंतरिक्ष मिशन का जश्न मना रहा है, लेकिन विपक्ष अभी भी हंगामा कर रहा है और चर्चा को तैयार नहीं है। विपक्ष एस्ट्रोनॉट से नाराज कैसे हो सकता है। वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव ला सकता है।

# पटना में एसटीईटी कैंडिडेट्स पर पुलिस का लाठीचार्ज

### मजिस्ट्रेट के पैर पकड़कर अभ्यर्थी बोले- मुख्यमंत्री जी से मिलवा दीजिए सर

**पटना।** पटना में STET, BTET और लाइब्रेरियन की परीक्षा की मांग को लेकर अभ्यर्थियों पर सोमवार को पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। अभ्यर्थी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पटना कॉलेज परिसर से सीएम हाउस घेराव के लिए निकले थे।

कैंडिडेट्स भिखना पहाड़ी, खेतान मार्केट, जेपी गोलंबर होते हुए डाकबंगला चौराहा पहुंचे। यहां से सीएम हाउस जाने का प्लान था।

इससे पहले पुलिस ने डाकबंगला चौराहे पर अभ्यर्थियों को पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोका था। वाटर कैनन की गाड़ी भी बुलाई गई थी। कैंडिडेट्स बैरिकेडिंग पर चढ़कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

वो यहां से आगे निकलने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बल प्रयोग कर सभी को खदेड़ा।

# जेलेंस्की बोले- जंग रोकने के लिए पुतिन संग बातचीत को तैयार



### जेलेंस्की से मीटिंग रोक ट्रम्प ने पुतिन को फोन मिलाया : 40 मिनट बात की

**वॉशिंगटन डीसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात के लिए व्हाइट हाउस पहुंचे। ट्रम्प ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं ने यूक्रेन जंग से जुड़े सवालों के जवाब दिए।

इसके बाद ट्रम्प ने जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ मीटिंग शुरू की। बातचीत के दौरान ट्रम्प ने बातचीत रोककर पुतिन को फोन लगा दिया। दोनों नेताओं के बीच 40 मिनट बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सीधे बातचीत का समर्थन किया।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि नाटो सुरक्षा न मिलने के बावजूद वे यूक्रेन को बहुत अच्छी सिक्योरिटी देंगे। इस बीच जेलेंस्की ने फिर से कहा कि वे किसी भी हाल में रूस के साथ जमीन की अदला-बदली के लिए तैयार नहीं हैं।

#### ट्रम्प ने कहा...

1. आज की बैठक का नतीजा चाहे जो भी हो, यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन बना रहेगा।
2. यूक्रेन भले ही नाटो का मेंबर नहीं बनेगा लेकिन अमेरिका, यूक्रेन को बहुत अच्छी सुरक्षा देगा।
3. यूक्रेन में शांति बनाए रखने के लिए अमेरिकी सैनिक भेजने पर विचार कर सकता हूं।
4. युद्ध जरूर खत्म होगा, लेकिन ये कब होगा, इसकी उन्हें पूरी जानकारी नहीं है।
5. रूस, यूक्रेन और अमेरिका की एक बैठक होगी और उसमें युद्ध खत्म होने की संभावना है।

#### जेलेंस्की ने कहा...

1. जंग खत्म करने के लिए डिप्लोमैटिक रास्ता अपनाने को तैयार, जमीन की अदला-बदली मंजूर नहीं।
2. जंग खत्म होने के बाद ही वह राष्ट्रपति चुनाव हो सकते हैं। जंग जारी रहते हुए यह मुमकिन नहीं।
3. अमेरिका के हथियार यूक्रेन की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी हैं और किसी के पास वैसा हवाई रक्षा सिस्टम नहीं।

# मुंबई में भारी बारिश, स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी

### कई इलाकों में जाम, लोकल ट्रेन और फ्लाइट्स डिले; इंदौर में बारिश से दीवार गिरी, 3 की मौत



**नई दिल्ली।** मुंबई और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह से रुक- रुक कर तेज बारिश जारी है। कई इलाकों में पानी भर गया है।

इसके चलते सड़कों पर लंबा जाम लगा हुआ है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने मुंबई के सभी स्कूल और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी है। लोगों से अपील की है कि बहुत जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें। मुंबई में मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटे बहुत ज्यादा बारिश का अलर्ट जारी किया है। बारिश के कारण मुंबई एयरपोर्ट की कई फ्लाइट्स लेट हो गई हैं।

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के मुताबिक, मुंबई एयरपोर्ट की फ्लाइट्स औसतन 54 मिनट देर से उड़ रही हैं। लोकल ट्रेन भी 15 से 20 मिनट देर से चल रही हैं।

एमपी के इंदौर में सोमवार दोपहर भारी बारिश से निर्माणाधीन पानी की टंकी की दीवार गिर गई। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे हैं और जांच की बात कही है।

इधर, उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश जारी है।

हिमाचल में 3 दिन से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन समेत तीन राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रदेश की 400 सड़कें बंद हैं। उत्तराखंड में गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे कई जगहों से बहने और टूटने की वजह से बंद है।

#### महाराष्ट्र के नांदेड़ में 200 लोग बारिश के पानी में फंसे

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में सोमवार सुबह से लगातार बारिश हो रही है। यहां बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। करीब 5 लोग लापता और 200 से ज्यादा लोग फंसे हैं। रेस्क्यू के लिए सेना की मदद ली जा रही है।

### दिल्ली के 3 स्कूलों को मिली बम की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के 3 स्कूलों को सोमवार को बम की धमकी मिली। इसके बाद एहतियात के तौर पर स्कूलों को खाली करा दिया गया। इन स्कूलों में दिल्ली पब्लिक स्कूल, मॉडर्न कॉन्वेंट और श्रीराम स्कूल का नाम शामिल हैं। दिल्ली फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सुबह 7 बजे स्कूल के अंदर एक विस्फोटक उपकरण होने की सूचना मिली थी। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की कई टीमें मौके पर पहुंचीं तलाशी में पुलिस को कोई विस्फोटक नहीं मिला। जुलाई महीने में दिल्ली समेत मुंबई और बेंगलुरु के स्कूलों को भी धमकी भरे ईमेल मिले थे, लेकिन ये मेल झूठे निकले। सुरक्षा एजेंसियों को स्कूलों में कुछ नहीं मिला। दिल्ली और बेंगलुरु में 18 जुलाई को 80 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिल्ली के 45 से ज्यादा स्कूलों को धमकी भरा ईमेल भेजा गया था। इनमें पीतमपुरा, द्वारका, पश्चिम विहार, रोहिणी, संगम विहार, समेत दूसरे इलाकों के स्कूल शामिल थे। राजधानी दिल्ली में 5 दिन के भीतर बम धमकी का यह चौथा मामला है। इससे पहले 14 जुलाई को दो, 15 जुलाई को तीन, 16 जुलाई को करीब 10 स्कूलों और दिल्ली यूनिवर्सिटी के सेंट स्टीफन्स कॉलेज को धमकी मिली थी।

### विरोध प्रदर्शन



उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में टोल प्लाजा कर्मचारियों द्वारा भारतीय सेना के एक जवान पर कथित तौर पर हमला किए जाने के बाद लोगों ने भूनी टोल प्लाजा के पास विरोध प्रदर्शन किया।

# सूरत में तिजोरी काटकर 25 करोड़ के हीरे चोरी

### चोर सीसीटीवी-डीवीआर भी ले गए, डीसीपी-एफएसएल की जांच में जुटी

एजेंसी

**सूरत।** गुजरात के सूरत में में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए डायमंड कंपनी की तिजोरी काटकर 25 करोड़ से ज्यादा के हीरे और नगदी चुरा लिए। इतना ही नहीं, चोर अपने साथ सीसीटीवी और डीवीआर भी ले गए। सोमवार सुबह घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी, एसीपी, सिटी क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची।



तस्करों ने न केवल हीरे और नकदी चुराई, बल्कि चोरी का कोई सबूत न रहे।

इसके लिए कारखाने के सभी सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया और डीवीआर भी साथ ले गए। पुलिस कॉम्प्लेक्स और अन्य दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

चोरों ने कापोद्रा के एक कॉम्पलेक्स में स्थित डीके एंड संस डायमंड कंपनी को निशाना बनाया। 15 अगस्त, जन्माष्टमी और इसके बाद रविवार के चलते कॉम्प्लेक्स और मार्केट तीन दिनों से बंद था। चोरी की वारदात इसी दौरान हुई।

### हैप्पी मॉर्निंग



एक बार पति ने आत्मनिर्भर बनने की कोशिश करते हुए किचन में जाकर,
चार पीस ब्रेड सेक कर उसपर हरी चटनी लगा कर खा गया
अब बेचारा एक घंटे से चुपचाप बैठा है पत्नी बार-बार पूछ रही है कि मेंहदी भिगोई थी कहां गई?



### शायरी

उस मुल्क की सरहद को कोई
छू नहीं सकता
जिस मुल्क की सरहद की
निगहबान हैं आँखें

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की तैयारी में विपक्ष

### शीतकालीन सत्र में नोटिस देने पर विचार



**नई दिल्ली/गयाजी।** वोट चोरी के आरोपों और बिहार में वोटर्स लिस्ट स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद विपक्ष ने हमला तेज कर दिया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक सीईसी के खिलाफ अब महाभियोग लाने पर विचार कर रहा है। सोमवार को खड़गे की अध्यक्षता में उनके घर पर इंडिया ब्लॉक की बैठक में इस पर मंथन हुआ। बैठक के बाद कांग्रेस, टीएमसी, सपा, डीएमके, राजद समेत 8 विपक्षी दलों ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसके बाद 20 पार्टियों के हस्ताक्षर से बयान जारी हुआ। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा, सीईसी भाजपा प्रवक्ता की तरह बोल रहे हैं। टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा, संसद के मौजूदा सत्र में 3 दिन बाकी हैं। महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए 14 दिन पहले नोटिस देना जरूरी है। सीईसी के रवैये को देखते हुए, हम अगले सत्र में नोटिस देंगे।

### वोट चोरी करने वाले जान लें, यह सरकार हमेशा नहीं रहेगी



इधर, राहुल ने बिहार में एसआईआर के खिलाफ और वोट चोरी को लेकर 17 अगस्त से वोट अधिकार यात्रा भी शुरू की है। राहुल ने यात्रा के दूसरे दिन, सोमवार को राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ गयाजी में जनसभा की। इस दौरान राहुल ने लोगों को संविधान की कॉपी दिखाई और कहा कि, ये भारत माता का संविधान है। इसमें 3 हजार साल पुरानी आवाज है। जब ये लोग वोट चोरी करते हैं तो संविधान की आत्मा पर आक्रमण करते हैं। राहुल गांधी ने कहा, आयोग की चोरी पकड़ी गई, तो हलफनामा मांगते हैं। मैं आयोग से कहता हूं- थोड़ा वक्त दो, पूरा देश आपसे हलफनामा मांगेगा। हम पूरे देश में आपकी चोरी दिखाएंगे। तीनों इलेक्शन कमिश्नर सुन लें, अभी मोदी सरकार है। एक दिन देश और बिहार में इंडिया ब्लॉक की सरकार होगी, फिर आपके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# भिवानी मनीषा केस, दिन भर चलता रहा बवाल, स्टूडेंट-टीचर्स ने कैंडल मार्च निकाला

**भिवानी।** हरियाणा के भिवानी में लेडी टीचर मनीषा की 13 अगस्त को लाश मिलने के बाद से लोगों का गुस्सा पांचवें दिन भी नहीं थमा। पुलिस की कार्यप्रणाली से गुस्साए लोगों ने भिवानी में दिल्ली-पिलानी नेशनल हाईवे जाम कर दिया। लोगों ने पुलिस की उस थ्योरी को झूठा बताया, जिसमें सुसाइड वाली बात कही गई थी।


कहा कि पुलिस की सुसाइड थ्योरी पर हमें भरोसा नहीं है। पुलिस मर्डर केस को सुसाइड बनाना चाहती है। उन्होंने सवाल पूछा कि अगर पुलिस के पास सुसाइड नोट था तो उसे इतने दिन तक क्यों छिपाया गया। उधर, गुस्साए छात्र-छात्राओं ने भी पानीपत, जींद, चरखीदादरी, कैथल, फतेहाबाद समेत कई जिलों में प्रदर्शन किया और मनीषा के लिए इंसाफ की मांग की।




दोपहर बाद मनीषा को इंसाफ देने के लिए बनी कमेटी की मीटिंग हुई, जिसमें किसान नेता रवि आजाद ने कहा कि रोहतक की सुनारिया लैब से मनीषा के परिजनों की मौजूदगी में लैब की रिपोर्ट ली जाएगी। परिवार और कमेटी पुलिस की हर जांच में सहयोग करने का तैयार है।

देर शाम एसपी सुमित कुमार का बयान आया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मनीषा के शरीर में कीटनाशक मिला है। दिन में जो सुसाइड नोट सामने आया था, उससे भी हैंडराइटिंग मैच हो गई है।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
81,273.75
+676.09 (0.84%)
निफ्टी:
24,876.95
+245.65

### मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 5 : 56
सूर्यास्त मंगलवार : 7 : 00

### पश्चिम बंगाल नौकरी घोटाला केस

# सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को दी जमानत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को जमानत दे दी है। हालांकि कोर्ट ने कहा कि उन्हें तभी रिहा किया जाएगा, जब ट्रायल कोर्ट अहम गवाहों के बयान दर्ज कर लेगा। जस्टिस एम एम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि चटर्जी लगभग तीन साल से जेल में हैं। उन्हें लगातार जेल में रखना न्याय का उपहास होगा।

ईडी ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े



मनी लॉन्ड्रिंग के मामल में पार्थ चटर्जी को 25 अप्रैल 2023 में गिरफ्तार किया था। 22 जुलाई को पार्थ और उनकी करीबी अर्पिता के 18 ठिकानों से ईडी ने रेड में 20 करोड़ कैश बरामद किया था। गिरफ्तारी के बाद से ही पार्थ जेल में हैं।

### दवाओं का बोझ

### यूरोप में दवा खरीदना अफ्रीका से आसान; भारत में सस्ता, लेकिन बोझ अमेरिका से 30 गुना ज्यादा

# कम आय वाले देशों में दवाओं पर हो रहा ज्यादा खर्च

**नई दिल्ली।** गरीब और मध्यम आय वाले देशों के लोग जरूरी दवाओं के लिए अमीर देशों से ज्यादा पैसा खर्च कर रहे हैं।

ये डेटा एक इंटरनेशनल रिसर्च में पाया गया है, जो अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स ने की है। इसमें 72 देशों की 550 दवाओं के दामों का साल 2022 का डेटा देखा गया। शोध 'जामा' हेल्थ फोरम में छपा है।

इसमें कहा गया है कि दवाएं यूरोप और पश्चिमी देशों में सबसे ज्यादा जबकि अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया में सबसे कम आसान हैं। मतलब गरीब देशों पर दवाओं का



बोझ ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमीर देशों में दवाएं दिखने में महंगी हैं, लेकिन वहां लोगों की आय और खरीदने की क्षमता ज्यादा होने से वे सस्ती पड़ती हैं। वहीं, गरीब देशों में दवाएं नाम के हिसाब से सस्ती होती हैं, लेकिन लोगों की कम आय के कारण असल में महंगी साबित होती हैं।

इधर, भारत में दवाओं की कीमत के हिसाब से चौथे नंबर पर सबसे कम है, लेकिन असल खर्च करने की क्षमता के आधार पर यह 72 देशों में 29वें स्थान पर है। इसी तरह पाकिस्तान में दवाएं सबसे सस्ती तो है, लेकिन असल में जनता पर जर्मनी जितनी कीमत का बोझ डाल रही है।

#### इसके पीछे का गणित...


अमेरिका में एक व्यक्ति की सालाना औसत आय लगभग 76 लाख रुपए है, जबकि भारत में यह केवल 2.5 लाख रुपए है। यानी अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय भारत से करीब 30 गुना ज्यादा है।

इसका मतलब यह है कि अगर अमेरिका का व्यक्ति 30 रुपए खर्च करता है, तो उसकी जेब पर उतना ही असर होता है, जितना भारत में 1 रुपए खर्च करने पर पड़ता है।

#### मानसिक रोग और हृदय की दवाएं सबसे महंगी

अध्ययन में यह भी सामने आया कि मानसिक रोग और हृदय की दवाएं सबसे महंगी हैं, जबकि हेपेटाइटिस-बी और सी की दवाएं सबसे सस्ती हैं। भारत में हेपेटाइटिस-बी और एचआईवी/एड्स की दवा टेनोफोविर खरीदने के लिए न्यूनतम मजदूरी पाने वाले को करीब 10 दिन काम करना पड़ता है।

# संपादकीय



## जब चौकीदार ही चोर हो जाए , लोकतंत्र कितने दिन ज़िंदा रहेगा?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

'लोकतंत्र की हत्या अब गोलियों से नहीं होती, यह भरोसे की चोरी से होती है।'

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहलाता है। लेकिन लोकतंत्र केवल वोट डालने की प्रक्रिया का नाम नहीं है — यह जनता के विश्वास पर खड़ा एक ढांचा है। इस भरोसे का सबसे अहम प्रहरी है भारत का निर्वाचन आयोग (Election Commission of India)। सवाल यह है कि जब यही प्रहरी संदिग्ध हो जाए, तो लोकतंत्र कितने दिन ज़िंदा रह पाएगा?

### नियुक्ति प्रक्रिया – आज़ादी का मज़ाक

निर्वाचन आयोग को स्वतंत्र संस्था कहा जाता है, लेकिन इसकी कमान किसके हाथ में है? मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति वही सरकार करती है जिस पर इन्हें चुनाव के दौरान नज़र रखनी है। यानी खिलाड़ी ही अंपायर चुन लेता है।

सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2023 में कहा था कि इसमें न्यायपालिका और विपक्ष की भागीदारी ज़रूरी है, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी हो। लेकिन सरकार टस से मस नहीं हुई। नतीजा यह है कि आयोग की स्वतंत्रता संविधान में दर्ज शब्दों तक सिमट कर रह गई है।

### आचार संहिता – रेफरी भी खिलाड़ी बन गया

पिछले चुनावों में आचार संहिता उल्लंघन के सैकड़ों मामले सामने आए।

- विपक्षी नेताओं पर तत्काल कार्रवाई हुई।
- सत्ताधारी दल के नेताओं पर शिकायतें महीनों तक लंबित रहीं।
- सांप्रदायिक भाषण और नफरत भरे नारे अनदेखे कर दिए गए।

जब प्रधानमंत्री और मंत्रियों के बयानों पर कार्रवाई ही न हो और विपक्षी नेताओं को फौरन नोटिस मिले, तो जनता पूछेगी ही — क्या रेफरी भी अब खेल में एक टीम का खिलाड़ी बन चुका है?

### ईवीएम और वोटर लिस्ट – भरोसा डगमगाया

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट पर संदेह लगातार बढ़ रहा है। विपक्ष ने मांग की कि कम से कम 30 प्रतिशत वीवीपैट पर्चियों की गिनती हो, लेकिन आयोग ने इसे महज़ 5 मशीनों तक सीमित कर दिया।

मतदाता सूची का हाल और भी खतरनाक है।

- 2018 तेलंगाना चुनाव में लगभग 30 लाख नाम गायब।
- हाल ही में बिहार में लाखों जीवित मतदाताओं के नाम कटे, जबकि मृतकों के नाम बरकरार।

यह न केवल चुनावी गड़बड़ी है, बल्कि सीधा सवाल है — क्या वोट देने का अधिकार भी सत्ता की मर्जी से तय होगा?

### डिजिटल चुनाव – आयोग का आत्मसमर्पण

आज चुनाव सिर्फ़ मैदानों और पोस्टरों तक सीमित नहीं हैं।

सोशल मीडिया, फेक न्यूज़ और आईटी सेल की मशीनरी करोड़ों दिमागों को प्रभावित कर रही है।

- फर्जी वीडियो लाखों तक पहुँचते हैं, आयोग केवल औपचारिकता निभाता है।
- चुनावी खर्च पर नियम किताबों में हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि अरबों रुपये काले धन और कॉरपोरेट चंदे से बहते हैं।
- चुनावी बॉन्ड्स ने तो पारदर्शिता को दफ़न ही कर दिया।

### जनता का भरोसा – लोकतंत्र की आख़िरी पूंजी

निर्वाचन आयोग कभी लोकतंत्र का सबसे भरोसेमंद प्रहरी था। टी.एन. शेषन जैसे लोग याद आते हैं जिन्होंने नेताओं को चुनावी मर्यादा में रहना सिखाया। लेकिन आज आयोग की साख बिखर रही है।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी जनता का भरोसा है। और अगर जनता मान ले कि आयोग सत्ता का मुंशी बन चुका है, तो लोकतंत्र का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

### निष्कर्ष – अगर जनता चुप रही तो

भारत के लोकतंत्र की रक्षा न संसद कर पाएगी, न अदालतें, न मीडिया। जब तक निर्वाचन आयोग निष्पक्ष और स्वतंत्र नहीं होगा, तब तक चुनाव सिर्फ़ एक औपचारिकता रह जाएंगे।

### इसलिए ज़रूरी है कि :

1. नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए।
2. आचार संहिता उल्लंघन पर समान और त्वरित कार्रवाई हो।
3. ईवीएम और वोटर लिस्ट की व्यापक और पारदर्शी जांच हो।
4. डिजिटल प्रोपेगेंडा और धनबल पर कठोर अंकुश लगे।

### चेतावनी यही है

'आज चुनाव आयोग सत्ता का औज़ार बन गया है। अगर जनता अब भी चुप रही तो आने वाले कल में मतपेटी पर ताला जनता के हाथ में नहीं, सत्ता की जेब में होगा।'

## चुनौतियां और संकल्प

पंद्रह अगस्त पर लाल किले से प्रधानमंत्री का राष्ट्र के लिये संबोधन महज एक औपचारिकता नहीं होता, बल्कि समकालीन राष्ट्रीय चुनौतियों व अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर सरकार की रीति-नीति का परिचय होता है। आने वाले समय की योजनाओं का खाका और राष्ट्रीय संकल्पों की बानगी होता है। देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन निस्संदेह, इन्हीं रीति-नीतियों का विस्तार था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा थोपे गए टैरिफ के बीच स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पर बल दिया। साथ ही यह भी दोहराया कि विश्व में पहुंच बनाने के लिये हमारी प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की होनी चाहिए। उन्होंने रक्षा उत्पाद निर्माण को वरीयता देने की जरूरत बतायी। उन्होंने कहा कि साल के अंत तक पहली मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप आ जाएगी। निश्चय ही यह कामयाबी हमारी तकनीकी व सुरक्षा जरूरतों के लिये महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने क्रिटिकल मिनरल्स के उत्पादन पर भी जोर दिया, जो रक्षा उत्पादों में बड़ी भूमिका निभाते हैं। पं. नेहरू के बाद लगातार बारहवीं बार लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करने वाले मोदी का यह संबोधन अब तक का सबसे लंबा अवधि वाला था। लेकिन समकालीन चुनौतियों के मद्देनजर यह तार्किक था। उन्होंने उर्वरकों, परमाणु ऊर्जा, जीएसटी, अर्थव्यवस्था के लिये रिफोर्म टास्क फोर्स के गठन, अंतरिक्ष अभियान जैसे तमाम मुद्दों को संबोधित किया। निश्चित रूप से आत्मनिर्भरता के प्रयासों से जहां हम अपने आर्थिक लक्ष्य पा सकते हैं, वहीं हम अपनी संप्रभुता की रक्षा भी कर सकने में सक्षम हो सकेंगे। निश्चित रूप से वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के परिदृश्य के बीच भारत को अपने सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाने के लिये उत्पादन क्षेत्र में आशातीत वृद्धि करनी होगी। तभी हम चीन के साथ लगातार बढ़ते व्यापार असंतुलन को दूर कर पाने में किसी हद तक सफल हो सकते हैं। फिर हम वैश्विक आपूर्ति शृंखला में अपनी भूमिका बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने देश के लिये चुनौती बनती घुसपैठ की समस्या को भी संबोधित किया और उच्च शक्ति वाला डेमोग्राफी मिशन चलाने की बात कही।

## 'ड्रोन लुटेरों' से फैली दहशत की हकीकत क्या?

डॉ. रमेश ठाकुर



ड्रोन की घटनाएं हकीकत हैं या अफवाह? ये अनसुलझी पहेली जैसा है। वैसे, पिछले दो सालों से 'स्वामित्व योजना' के तहत केंद्र सरकार ग्रामीण भूमि का सर्वेक्षण भी ड्रोनों से करवा रही है। योजना मार्च-2026 तक पूरी होनी है। करीब 3 लाख 44 हजार गांवों का सर्वेक्षण होना है।

'ड्रोन गिरोह' की अफवाहों ने शांति-व्यवस्था में खलबली मचा रखी है। विशेषकर ग्रामीणों में, जहां दहशत की स्थिति बनी हुई है। ड्रोन चारों के भय से लोग सारी-सारी रात जगे रहते हैं। प्रभावित दो-तीन राज्यों में करीब महीने भर से ड्रोन चोरों के भय से लोग इतने भयभीत हैं कि वह रातों में जाग-जाग कर अपने घरों और परिजनों की पहरेदारी कर रहे हैं। डरे हुए लोग 'ड्रोन चोरों को 'आसमानी चोर' कहने लगे हैं। आकाश में रात के वक्त सैकड़ों फीट उंचाई पर मंहराते रहस्यमय ड्रोनों से सन्नाटा इस कदर फैला है कि पेड़-पौधों के पत्तों की सरसराहट या झींगुरों की भिनभिनाहट मात्र से भी लोग डर जाते हैं। देखा जाए तो देहात क्षेत्रों में ड्रोन चोरों की अफवाहों का बाजार काफी समय से गर्म है। बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस महकमा भी अलर्ट मोड़ पर है। रात में जायजा लेने को पुलिस-प्रशासन के आला अफसर भी ग्रांउड जीरो पर उतरे हुए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस ने जागरुकता अभियान भी छेड़ रखा है। दरअसल, अफवाह लोगों की नासमझी से ज्यादा फैल रही है। ड्रोन दिखाई पड़ने पर वह पुलिस से संपर्क करने के बजाय सोशल मीडिया पर अनापशनाप गलत सूचनाएं फैला देते हैं जिससे स्थिति और पैनिक हो रही है। हालांकि, ऐसे लोगों पर पुलिस सख्ती भी दिखा रही है।

ड्रोन की घटनाएं हकीकत हैं या अफवाह? ये अनसुलझी पहेली जैसा है। वैसे, पिछले दो सालों से 'स्वामित्व योजना' के तहत केंद्र सरकार ग्रामीण भूमि का सर्वेक्षण भी ड्रोनों से करवा रही है। योजना मार्च-2026 तक पूरी होनी है। करीब 3 लाख 44 हजार गांवों का सर्वेक्षण होना है। इसके पीछे सरकार का मकसद ग्रामीण संपत्ति के मालिकों को उनकी संपत्ति का मास्टर कार्ड वितरण करना है। 92 फीसदी कार्य 'ड्रोन मैपिंग' से पूरा हो चुका है जिसमें 31 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। सवाल ये भी उठता है क्या इस वक्त जो ड्रोन उड़ रहे हैं, वो इसी योजना का हिस्सा हैं? अभी तक कोई तथ्यात्मक सच्चाई मुकम्मल रूप से बाहर नहीं निकल पाई। जबकि, प्रथम दृष्टया प्रशासन ने ड्रोन घटनाओं को अफवाह ही माना है। ड्रोन की घटनाओं के पीछे कोई ऐसी हकीकत तो नहीं छिपी जिसे शासन-प्रशासन और सुरक्षा महकमा सार्वजनिक ना करना चाहता हो? राष्ट्र सुरक्षा से जुड़ा तो कोई मसला नही? हालांकि ऐसे नाना-प्रकार के कयासों की मंड़ियां सजी हुई हैं। सच्चाई के असल नतीजों तक अभी कोई नहीं पहुंच पाया। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तकरीबन जिलों में इस समय ड्रोन लूटेरों की ही चर्चाएं हैं।

धीरे-धीरे ये दहशत अब अन्य राज्यों में भी फैलती जा रही है। हरियाणा, पंजाब, बिहार, मध्यप्रदेश में भी आधुनिक चोरों से जुड़ी अजीबोगरीब अफवाहें फैल गई हैं।

बिहार के सासाराम और मध्यप्रदेश के गुना जिले में भी ड्रोन उड़ते देखे गए हैं। अफवाहें हैं कि चोर रात्रि में घरों का ड्रोन से सर्वेक्षण करते हैं और अगली रात धाबा बोलते हैं। एकाध घटनाएं घटी भी हैं, लेकिन उन घटनाओं से कोई हकीकत सिद्ध नहीं हुई। पुलिस-प्रशासन दोनों भी इस अनसुलझी पहेली में उलझे हुए हैं। प्रशासनिक स्तर पर ड्रोन की घटनाओं को बेशक अफवाह बताई जा रही हों। पर, ग्रामीण मानने को राजी नहीं? वह ड्रोन चोर या आसमानी चोर ही माने बैठे हैं। बीते मात्र तीन हफ्तों में उत्तर प्रदेश में 365 और उत्तराखंड में 245 घटनाएं घटी हैं।

गौरतलब है कि अफवाहों के गर्भ से निकली ड्रोन चोरी की ये घटनाएं अब हिंसा में बदलने लगी हैं। गत दिनों बिजनौर के कोतवाली क्षेत्र में रात के वक्त एक खूनी घटना घटी जिसमें एक औरत का गला चाकू से रेतकर उसे जहर का इंजेक्शन देने का प्रयास हुआ।

गनीमत ये रही कि उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। सुबह पुलिस ने छानबीन कर आसपास के लोगों से पूछताछ की, तो पता चला महिला पर हमला ड्रोन चोरों ने नहीं, बल्कि पड़ोसी ने किया जिससे उनका पुराना जमीन विवाद चल रहा है। चोर समझकर अंधेरे में चलने वाले राहगीरों के साथ मारपीट की घटनाएं भी बढ़ी हैं। शराबियों की तो सामात ही आई हुई है। बिलावजह हादसे का शिकार न हो जाएं, इसलिए रात्रि पाली में काम करने वाले कर्मचारी भी घरों से बाहर नहीं निकल रहे। ऐसे भी घटनाएं खूब सामने आ रही हैं, जहां ड्रोन चोरों की आड़ में लोग अपनी पुरानी दुश्मनी निकाल रहे हैं। दशहत और अफवाहें इस कदर देहतों में व्याप्त है कि आसमान में चमकती रौशनी को भी ड्रोन समझ कर अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।


दहशत के चलते ग्रामीण पूरी-पूरी रात अपनी छतों पर बल्ब और टॉर्च जलाकर बैठे रहते हैं। जुगनुओं की रौशनी से भी चिल्ला पुकार मचने लगता है। सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में ड्रोन चोरों ने कुछ ज्यादा माहौल बिगाड़ा हुआ है।

माहौल जैसे-जैसे बिगड़ना तेज हुआ, तो राज्य सरकार का ध्यान एकाएक उस ओर गया। मुख्यमंत्री ने तत्काल आपातकाल बैठक बुलाई। हालांकि, उससे पहले ही अधिकारियों ने शासन को ड्रोन्स के संबंध में कुछ उत्पाती लोग उन्माद फैलाने की फिराक में होना दर्शा दिया था। शासन ने निर्णय लिया है कि ड्रोन के ज़रिए डर पैदा करने या ग़लत सूचना फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट और एनएसए के तहत कार्रवाही की जाएगी। लेकिन, शासकीय चेतावनी के बाद भी ड्रोन का उड़ना लगातार जारी है। दो दिन पहले भी मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में एक और उच्च-स्तरीय कानून-व्यवस्था को दुरूस्त करने को लेकर बैठक हुई, जिसमें बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाही का आदेश पारित हुआ। जिसके उलघन में कुछ यूटयूबर और कैटरिंग वाले पकड़े गए। फिलहाल, पुलिस की पूछताछ में उनकी ड्रोन हरकतों में संलिप्ता नहीं मिली।

गौतललब है, भारत के विभिन्न प्रदेशों में समय-समय पर किस्म-किस्म के चोर गिरोहों से अफवाहें फैलती रही हैं। चोटी कटवा, कच्छा-बनिया गिरोह, बाबा गिरोह, तलवारधारी गिरोह जैसे तमाम चोरों के गिरोह की सूचनाएं पुर्व में सुनने को मिलती रहीं। मौजूदा ड्रोन से जुड़ी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उत्तराखंड और यूपी सरकार ने बकायदा पुलिस हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। जहां रात्रि के वक्त रोजाना सैकड़ों कॉल्स ड्रोन देखे जाने के संबंध में आ रही हैं। 7900 कॉल्स को पुलिस ने अभी तक रिकॉर्ड किया है जिसकी सत्यता पूरी तरह उन्माद से प्रेरित ही पाई गई। ड्रोन देखे जाने की सूचनाएं ज्यादातर अफवाहें ही साबित हो रही हैं जिनका किसी गिरोह से कोई संबंध फिलहाल दूर-दूर तक दिखाई नहीं देता? प्रशासन को 'ड्रोन लुटेरों' से फैली अफवाहों पर तुरंत अंकुश लगाना होगा, नहीं तो ग्रामीण ड्रोन गिरोह के सदस्यों के शक में बेकसूर लोगों को निशाना बनाते रहेंगे। बरेली में पिछले शनिवार को सबसे दर्दनाक घटना हुई, जहां मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति को 'ड्रोन गिरोह' का सदस्य समझकर लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3624




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3623 का हल



## हंसी के फूव्वारें

शक्ल-सूरत से एकदम भोली दिखती एक जवान लड़की डॉक्टर के सामने बैठी हुयी थी. डॉक्टर ने उसका शारीरिक परीक्षण करने के बाद कहा, 'मेरा ख्याल है कि तुम्हारे बच्चा होने वाला है.' क्षण भर रुककर वह बोला, 'और यह संभव है कि तुम्हारे जुड़वां बच्चे हों.'

'लेकिन डॉक्टर साहब यह कैसे हो सकता है?' लड़की ने चकित स्वर में कहा, 'मैं अपने जीवन में एक बार में कभी दो से नहीं मिली हूँ.'

□ □ □

घरवाली ने जरा खीझते हुए आदमी से बोली, 'घर में जवान बेटी बैठी है और तुम्हें कोई चिंता नहीं, हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हो. कुछ भाग-दौड़ करो...'

आदमी ने एक गहरी सांस लेते हुए कहा, 'भागवान, कोई सही-सा लड़का मिले तो बात आगे...'

तड़-से घरवाली बीच में ही बात काटते हुए हाथ घुमाकर बोली, 'सोचो, अगर मेरे पिताजी भी सही लड़के की खोज करते, तो फिर तुम्हारा क्या होता?'

□ □ □

पति ने चिड़चिड़े लहजे में कहा, 'इस वक्त मुझे तंग मत करो, मेरे दिमाग में आग लगी है...'

'ओह!' पत्नी बोली, 'तभी तो मैं सोच रही थी कि चमड़ा जलने की बदबू कहां से आ रही है!'

## फिल्म वर्ग पहेली - 3624



**बायें से दायें:-**

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. फिल्म 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि, जेबा, अश्विनीभावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. जॉन, बिपाशा की एक फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. १९७१ के भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी जे.पी. दत्ता की फिल्म-३
३. 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखों' गीत वाली फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. फिल्म 'खुशी' में फरदीन खान की नायिका कौन है?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो प्यार कैसा होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ दिलवाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की 'फूलों से जो खुशबु' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3623

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | दा | र | | रो | मां | स | | आ | शा |
| शी | | त | ला | श | | प | ड़ो | स | न |
| | ध | न | वा | न | | ने | | ग | |
| ध | र्मा | | रि | | जू | | झु | | सु |
| | त्मा | | स | हे | ली | | म | सी | हा |
| फा | | श | | मा | | गु | रू | | ग |
| गु | म | रा | ह | | मे | ला | | डॉ | |
| न | | बी | | आ | | म | हा | न | ता |
| | काँ | | आ | शि | की | | द | | ल |
| वां | टे | ड | | क | | इं | सा | फ | |

## सूडोकु -3624

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3623 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली - 3624



**बाएँ से दाएँ**

1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

### शब्द पहेली -3623 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बि | ज | ली | घ | र | | मा | न | सि | क |
| दि | ल | | ड | | ख | न | न | | ना | रा |
| ल | | धा | र | दा | र | | क | ली | | मा |
| दु | ला | रा | | | खा | स | | ख | प | त |
| ख | | धा | | ना | व | | ग | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | च | म | क | दा | र |
| | यू | | त | | स | र | | ट | | बा |
| ह | र | म | | शा | म | | | पी | स | ना |
| ड़ | | य | श | | का | रा | बा | स | | हो |
| ता | न | | प | ग | ली | | न | | म | ना |
| ल | थ | प | थ | | न | ग | र | व | धु | |

# नोएडा क्रिकेट स्टेडियम विवाद पर हाईकोर्ट का फैसला

**कंपनी की याचिका खारिज, 15 साल का एग्रीमेंट रद्द**

**नोएडा।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें नोएडा प्राधिकरण ने क्रिकेट स्टेडियम के रखरखाव और संचालन का एग्रीमेंट समाप्त किए जाने को चुनौती दी थी।

न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने 11 अगस्त को अपने आदेश में साफ कहा कि इस याचिका में कोई दम नहीं है और संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत इसमें किसी हस्तक्षेप का औचित्य नहीं बनता।

### 2021 में प्राधिकरण ने किया था एग्रीमेंट

नोएडा प्राधिकरण ने सितंबर 2021 में पीईएफआई के साथ 15 साल की अवधि के लिए क्रिकेट स्टेडियम संचालन और रखरखाव का एग्रीमेंट किया था। यह करार राजस्व-साझाकरण मॉडल पर आधारित था, जिसके तहत पीईएफआई को हर महीने 1 लाख रुपए या अर्जित राजस्व का 30 फीसदी, जो भी ज्यादा हो, प्राधिकरण को देना था।

25 जुलाई 2024 को प्राधिकरण ने खराब रखरखाव और उपेक्षा का हवाला देते हुए पीईएफआई को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसके बाद 24 अक्टूबर को एग्रीमेंट समाप्त कर दिया गया और एजेंसी को कब्जा सौंपने तथा बकाया चुकाने का निर्देश दिया गया।

### पहली बार कोर्ट से मिली थी राहत

पीईएफआई ने इस आदेश को कोर्ट में चुनौती दी थी। 11 दिसंबर को हाईकोर्ट ने पाया कि प्राधिकरण ने पीईएफआई के 27 अगस्त को दिए गए उत्तर पर विचार नहीं किया था, इसलिए एग्रीमेंट की समाप्ति को अस्थायी तौर पर रद्द कर दिया। साथ ही, कोर्ट ने यह भी कहा कि प्राधिकरण चाहें तो उत्तर पर विचार करने के बाद नया आदेश पारित कर सकता है।



इसके बाद पीईएफआई ने 7 मार्च 2025 को विस्तृत उत्तर दाखिल किया। मगर प्राधिकरण ने 27 मई को नया आदेश जारी कर फिर से एग्रीमेंट की समाप्ति की पुष्टि कर दी।

### कंपनी का तर्क-मनमाना निर्णय

इसी आदेश के खिलाफ पीईएफआई ने दोबारा कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कंपनी की ओर से दलील दी गई कि एग्रीमेंट समाप्ति मनमानी और एग्रीमेंट की शर्तों के खिलाफ थी। कंपनी का कहना था कि फ्लडलाइट्स और बैठने की व्यवस्था जैसे बड़े कार्य केवल प्राधिकरण की पूर्व अनुमति से ही किए जा सकते थे। इसके लिए उन्होंने कई बार अनुमति मांगी, लेकिन प्राधिकरण ने जवाब नहीं दिया। ऐसे में देरी के लिए उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

### प्राधिकरण का जवाब-जिम्मेदारियों की अनदेखी

वहीं, नोएडा प्राधिकरण ने कोर्ट में कहा कि पीईएफआई ने एग्रीमेंट के दायित्वों को गंभीरता से पूरा नहीं किया। कंपनी बुनियादी सुविधाओं जैसे प्रकाश व्यवस्था, बैठने की जगह, शौचालय और स्वच्छता का ध्यान रखने में विफल रही।

प्राधिकरण ने यह भी कहा कि लापरवाही के कारण राजस्व में नुकसान हुआ और स्टेडियम की स्थिति लगातार खराब होती चली गई। कोर्ट ने प्राधिकरण की इस दलील को सही माना और कहा कि याचिकाकर्ता 2021 से ही अपनी जिम्मेदारियों की अनदेखी कर रहा है।

### कोर्ट का साफ आदेश

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा, तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, हमें इस रिट याचिका में कोई दम नहीं दिखता। यह संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हस्तक्षेप योग्य नहीं है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने पीईएफआई की याचिका को खारिज कर दिया।

हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद नोएडा प्राधिकरण का हाथ और मजबूत हो गया है।

अब प्राधिकरण चाहे तो नए संचालक की तलाश कर सकता है या खुद ही स्टेडियम के रखरखाव की जिम्मेदारी संभाल सकता है। वहीं, पीईएफआई के पास अब सुप्रीम कोर्ट का विकल्प बचा है।

हालांकि, हाईकोर्ट के कड़े शब्दों में दिए गए आदेश से साफ संकेत मिल रहा है कि भविष्य में कंपनी के लिए राह आसान नहीं होगी।

## शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा में पुलिस मुठभेड़ में बदमाश घायल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में थाना इकोटेक-3 पुलिस ने एक शातिर अपराधी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बुलंदशहर के डिबाई थाना क्षेत्र के ईदलपुर गांव निवासी सोनू (38) के रूप में हुई है। जलपुरा बिजली घर के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया। आरोपी ने रुकने की बजाय भागने का प्रयास किया। पीछा करने पर उसकी बाइक फिसल गई। इस दौरान उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह पैर में गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी से एक तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारतूस और 7 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। उसके पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल भी मिली है। पूछताछ में उसने बताया कि यह बाइक अलीगढ़ से चुराई थी। आरोपी के मोबाइल फोन की जांच में महिलाओं की अश्लील तस्वीरें मिलीं।

### युवती की हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर एक युवती की हत्या के मामले को सुलझा लिया है। आरोपी रिहान को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार किया है। जारचा थाना पुलिस को खटाना नहर की पुलिया के पास चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने लगा। पीछा करने पर उसकी मोटरसाइकिल असंतुलित होकर गिर गई। आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से वह घायल हो गया। घायल आरोपी की पहचान दादरी के नई आबादी निवासी रिहान के रूप में हुई। उसने एक दिन पहले अपनी प्रेमिका शिवानी की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं, उसने शव को छिपाने के लिए नहर किनारे ले जाकर अपनी मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकालकर चेहरे पर डाला और आग लगाने की कोशिश की।

### ग्रेटर नोएडा में रंजिश का मामला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा फतेहपुर गांव में रंजिश के चलते एक युवक पर हमला किया गया। पीड़ित की पहचान मुकर्रम खान के रूप में हुई है। सोमवार को मुकर्रम खान जब अपनी गली से गुजर रहा था, तब कुछ लोगों ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने उस पर तमंचे की बट से वार किया। साथ ही डंडों से भी मारपीट की। गनीमत रही कि गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे मुकर्रम की जान बच गई। घटना के बाद घायल मुकर्रम को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की मां रानी ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि पुलिस ने अभी तक कोई केस दर्ज नहीं किया है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि पूरी घटना नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस घटना के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

### मोहम्दाबाद खेड़ा में घटिया निर्माण कार्य

**जेवर।** यमुना प्राधिकरण की ओर से मोहम्दाबाद खेड़ा गांव में कराए जा रहे निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रविवार शाम को रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार मानकों का पालन नहीं कर रहा है। भाईपुर रबूपुरा मार्ग से गांव तक बन रहे नाले में गंभीर खामियां सामने आई हैं। नाले की गहराई में भारी अंतर पाया गया है। कुछ जगहों पर यह दो फीट है, तो कहीं पांच फीट तक गहरा है। इस अनियमितता के कारण नाला कीचड़ और मिट्टी से भर गया है। बारिश का पानी सड़क पर बह रहा है। कीचड़ की वजह से ग्रामीणों को सड़क पर चलने में परेशानी हो रही है। नाला सड़क से काफी गहरा होने के कारण बारिश का पानी लोगों के घरों के सामने जमा हो जाता है। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने निर्माण कार्य में हो रही अनियमितताओं और संबंधित इंजीनियर की शिकायत यमुना प्राधिकरण के सीईओ से करने का निर्णय लिया है।

### आधी रात को ड्रोन दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के बिसरख गांव में आधी रात आसमान में ड्रोन दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर इनके वीडियो वायरल किए। पुलिस से मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया पर लोगों ने पुलिस से शिकायत की है। इसके साथ ही कुछ वीडियो भी अपलोड किए हैं। लोगों का कहना है कि रविवार की रात 1ः00 बजे बिसरख गांव में आसमान में 10 से 15 ड्रोन देखे गए। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ड्रोन को लेकर पहले भी कई वीडियो सामने आ चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ड्रोन से निगरानी कर चोरी की घटनाएं की जाती हैं।हालांकि, चोरी की ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई है। कुछ लोग इस तरह की घटनाओं को अफवाह बता रहे हैं। इस मामले में एडीसीपी सेंट्रल नोएडा डॉ. प्रवीण रंजन सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी की जा रही है।

# नोएडा में यमुना पुश्तें पर एलिवेटेड रोड बनेगी

**4 हजार करोड़ होंगे खर्च, सिचाई विभाग से एनओसी का इंतजार, एयरपोर्ट से मिलेगी कनेक्टिवटी**

**नोएडा।** नोएडा में यमुना पुश्तें पर एलिवेटेड रोड बनाने की योजना को जल्द रफ्तार मिलने की उम्मीद है। यह एलिवेटेड रोड नोएडा में सेक्टर-94 गोलचक्कर के पास से सेक्टर-150 तक बननी है। इसके निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने शासन और नोएडा प्राधिकरण को प्रस्ताव दिया है। साथ ही सिंचाई विभाग से एनओसी लेने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी के साथ एलिवेटेड बनने से नोएडा एक्सप्रेस वे पर यातायात का भार कम हो जाएगा। सिचाई विभाग से एनओसी मिलने के बाद एलिवेटेड की रुपरेखा तैयार की जाएगी।




प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि आगामी सात से आठ दिनों में एनओसी मिल जाएगी। वहीं, प्राधिकरण के जीएम आरके अरोड़ा ने बताया निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने भी प्रस्ताव दिया है। छह लेन की इस सड़क के निर्माण पर करीब 4 हजार करोड़ रुपए खर्च आने का अनुमान है।

### नोएडा प्राधिकरण बोर्ड में मिली थी मंजूरी

नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड ने यमुना पुश्ता पर एलिवेटेड का निर्माण यू पीडा से कराने का निर्णय लिया गया था। निर्माण में जितना भी खर्च आएगा, उसका वहन नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण करेगा। नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में चर्चा के बाद इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई थी। पहले ये एक्सप्रेस 6 लेन का एलिवेटेड और आठ लेन ऑन ग्राउंड बनाया जाना था। लेकिन अब इसे सिर्फ एलिवेटेड ही बनाया जाएगा।

### एयरपोर्ट की दिल्ली से सीधे कनेक्टिविटी

दरअसल ये एक्सप्रेस वे छह लेन एलिवेटेड होगा। ये ओखला बैराज से हिंडन यमुना होते हुए यमुना एक्सप्रेस वे तक जाएगा। ये नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए दिल्ली से सीधे कनेक्टिविटी भी होगी। इसका फायदा तीनों प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे को होगा।

# छात्र की आत्महत्या मामले में शारदा यूनिवर्सिटी पर केस

**बीटेक स्टूडेंट ने हॉस्टल में लगाया था फंदा, आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के शारदा विश्वविद्यालय में एक छात्र की आत्महत्या के मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस ने विश्वविद्यालय प्रशासन और कुछ अज्ञात छात्रों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

मृतक शिवम डे बिहार के पूर्णिया के मधुबनी कॉलोनी का रहने वाला था। वह नॉलेज पार्क-3 स्थित एचएमआर बॉयज हॉस्टल में रहता था। 15 अगस्त को उसने हॉस्टल में फांसी लगाकर जान दे दी। शिवम शारदा विश्वविद्यालय में बीटेक कर रहा था। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। नोट में शिवम ने आत्महत्या के लिए स्वयं को जिम्मेदार बताया है। मृतक के पिता ने विश्वविद्यालय पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय फीस तो लेता रहा, लेकिन छात्र के कॉलेज न आने की सूचना कभी नहीं दी।

परिवार ने बताया कि शिवम का चयन पुणे के एक प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज में भी हुआ था। लेकिन दूरी के कारण उसे शारदा विश्वविद्यालय में दाखिला दिलाया गया। पढ़ाई के लिए बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से दो लाख रुपये का लोन लिया गया था।

### सपा की साइकिल यात्रा रोकी गई

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में समाजवादी पार्टी के नेता आज वोट चोरी का विरोध करते हुए एक साइकिल यात्रा निकालने वाले थे। यह लोग ग्रेटर नोएडा से दिल्ली तक साइकिल से जाते और अपना विरोध जताते लेकिन उससे पहले ही ग्रेटर नोएडा में सपा नेताओं को पुलिस के द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया। समाजवादी पार्टी के राष्टीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने बताया कि समाजवादी पार्टी के युवा नेता विकास जतन प्रधान के नेतृत्व में चुनाव आयोग द्वारा वोट चोरी के विरोध में ग्रेटर नोएडा से दिल्ली तक साइकिल यात्रा निकालने की घोषणा हुई थी। 100 से ज्यादा युवक कार्यकर्ता इस साइकिल यात्रा में शामिल होने वाले थे, लेकिन पुलिस ने साइकिल यात्रा से पहले ही सभी नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। उन्होंने बताया कि जब मैं सो कर उठा तो मेरे घर पर पहले से ही पुलिस बैठी हुई मिली। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बहुत डरी हुई है। वहीं पुलिस के द्वारा सपा नेता विकास जतन प्रधान, बृजेश भाटी सहित अन्य नेताओं को भी हाउस अरेस्ट किया गया। वहीं पुलिस ने इस मसले पर कहा कि किसी भी तरह की साइकिल यात्रा के लिए समाजवादी पार्टी के किसी भी नेता ने कोई परमिशन नहीं ली थी। किसी भी नेता को अरेस्ट नहीं किया गया है।

# नोएडा में लेखपाल पर बरसे प्राधिकरण शीर्ष अधिकारी

**नोटिस और सील भवनों की लिस्ट बनाएं, अवैध निर्माण पर दर्ज कराएं एफआईआर**

**नोएडा।** नोएडा की अधिसूचित जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण के खिलाफ लिए जा रहे एक्शन से प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी नाखुश हैं। अब तक अवैध निर्माण को लेकर लिए गए एक्शन पर लेखपालों के साथ एक विस्तृत बैठक की गई।

ओएसडी महेंद्र प्रसाद ने निर्देश दिए कि नोएडा की अधिसूचित जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण के संबंध में ग्रामवार, खसरा नंबर और अतिक्रमणकर्ता की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर संबंधित थानों में एफआईआर की जाए।

### अब तक दर्ज नहीं एफआईआर की बनाएं सूची

जिन मामलों में थानों में शिकायत दी गई, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

प्रभावी पैरवी करके इसकी एक विस्तृत जानकारी बनाए और शीर्ष अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जाए। ताकि पुलिस के आला अफसरों से बातचीत कर एफआईआर दर्ज कराई जा सके।

अवैध निर्माण के खिलाफ दिए गए नोटिस, संबंधित थानों में दी गई तहरीर, सील किए गए भवन की एक सूची बनाई जाए।

### अधिसूचना के बोर्ड को सही किया जाए

नोएडा प्राधिकरण ने जिस स्थानों पर अधिसूचित बोर्ड लगाए हैं उनको ठीक किया जाए। यमुना और हिंडन डूब में अवैध निर्माण को रोकने के लिए जिला प्रशासन, सिंचाई विभाग और पुलिस विभाग से समन्वय कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। इन मामलों में यदि थोड़ी सी भी लापरवाही बरती तो लेखपाल के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

# जापानी कंपनी एस्कॉर्टस कुबोटा करेगी 4500 करोड़ का निवेश

**यमुना विकास प्राधिकरण ने कंपनी को दी 190 एकड़ जमीन, 4 हजार को मिलेगा रोजगार**

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण ने सोमवार को जपानी कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड को सेक्टर-10 में 190 एकड़ जमीन के लिए लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया है। इस जमीन पर कंपनी ट्रैक्टर निर्माण की एक यूनिट बनाएगी। प्राधिकरण ने बताया कि एस्कॉर्ट्स एक भारतीय कंपनी है। जिसने 2019 में जापानी कंपनी कुबोटा के साथ साझेदारी की थी। इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय किसानों और वैश्विक बाजारों की आवश्यकताओं के अनुसार किफायती और उपयोगी ट्रैक्टरों का निर्माण करना है।




### पहले फेज में 2 हजार करोड़ का निवेश

एस्कोर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने करीब एक साल पहले उत्तर प्रदेश सरकार के साथ 200 एकड़ जमीन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। यह परियोजना लगभग 4500 करोड़ के निवेश के साथ शुरू की जा रही है। जिसमें चरणबद्ध तरीके से करीब 4000 लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य है। पहले चरण में कंपनी 2000 करोड़ का निवेश करेगी, जिसमें ट्रैक्टर प्लांट, कॉमर्शियल इक्विपमेंट प्लांट और अन्य सहायक सुविधाएं स्थापित की जाएंगी।

### मांग पर बढ़ेगा निवेश

दूसरे चरण का विस्तार बाजार की मांग और पहले चरण की उत्पादन क्षमता के उपयोग पर निर्भर करेगा। कंपनी का लक्ष्य भारत और वैश्विक बाजारों के लिए उत्पाद तैयार करना है। इसके लिए यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में एक ग्रीनफील्ड मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा।

### ग्रेटर नोएडा में सिगरेट को लेकर बवाल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बीटा टू थाना क्षेत्र के अल्फा 2 सेक्टर में सिगरेट को लेकर हुआ मामूली विवाद बड़ी मारपीट में बदल गया। आरोप है कि नशे में धुत कुछ युवकों ने दुकानदार से झगड़ा शुरू कर दिया। बात बढ़ते-बढ़ते आरोपियों ने दुकानदार पर ईंट-पत्थर बरसा दिए। देर रात तक इलाके में जमकर हंगामा हुआ। घटना के दौरान वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोग दहशत में आ गए। इस पूरी वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी युवक पत्थरबाजी कर रहे हैं और दुकानदार को निशाना बना रहे हैं।

# निवेश मुनाफा दिखाकर ठगे 1.57 करोड़

**वॉट्सएप ग्रुप पर जोड़कर ठगा, विश्वास जीतने के लिए दिखाए सेबी से जुड़े डॉक्यूमेंट्स**

**नोएडा।** शेयर बाजार में निवेश कर लाखों रुपए का मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने बुजुर्ग कारोबारी के साथ 1.57 करोड़ रुपए की ठगी की। ठगों ने वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़कर ठगी की। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, उनकी जानकारी जुटाई जा रही है।

पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-128 स्थित जेपी ग्रीन्स सोसाइटी निवासी अजय सिंह ने बताया- वह कारोबारी हैं और शेयर बाजार की अच्छी समझ रखते हैं।

सात जून को अजय को शेयर बाजार संबंधी एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ दिया गया।

इसमें 20 से अधिक सदस्य थे,जो लगातार निवेश पर होने वाले मुनाफे का स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे। 15 जून को अजय के पास फोन कर एडमिन अनिकिता डेका नाम की महिला ने खुद को कथित बजाज फाइनेंशिल कंपनी से होना बताया।

### पहली बार में 50 हजार कराए निवेश

अनिकिता ने कहा कि अगर उसके निर्देशन में निवेश किया जाए तो शत प्रतिशत मुनाफा होगा। इसकी उसने गारंटी भी दी।

उसने नामी कंपनी और सेबी से जुड़े कागजात भी दिखाए। कागजात देखने में सही लग रहे थे। ऐसे में अजय को महिला द्वारा कही गई बातों पर विश्वास हो गया।



ठगों ने एक ऐप पर अजय का पंजीकरण कराकर शुरुआत में 10 से 50 हजार का निवेश कराया। इससे अजय को मुनाफा भी हुआ, जो ऐप में दिख रहा था। प्रारंभिक चरण में अजय को रकम निकालने की अनुमति भी दी गई।

### ऐप पर रोजाना दो से तीन गुना मुनाफा

ठग हर दिन ऐप पर मनचाहा मुनाफा दिखाते जा रहे थे। ऐप पर अजय को कुल निवेश का दो से तीन गुना मुनाफा होता दिख रहा था। ठगों ने आइपीओ की अलॉट खरीद के नाम पर भी रकम ऐंठी।

पीड़ित ने जब सारी रकम निवेश कर दी तो उसपर और रकम ट्रांसफर करने का दबाव बनाया जाने लगा।

ऐसा करने से मना करने पर ठगों ने खुद ही सात दिनों के लिए 10 लाख रुपए का ब्याजमुक्त लोन अजय को दे दिया। अजय ने 19 जुलाई तक 1.85 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। एप पर पोर्टफोलियो 59 करोड़ रुपए दिखा रहा था।

### सर्विस चार्ज के मांगे 13 करोड़

जमा पूंजी खत्म होने पर अजय ने मुनाफे समेत रकम को निकालना चाहा।

ठगों ने इसके बाद सर्विस समेत अन्य चार्ज के नाम पर 13.5 करोड़ रुपए जमा कराने का फरमान सुना दिया। यह सुनकर अजय के होश उड़ गए।

उन्होंने रकम जमा करने से मना किया तो ठगों ने ग्रुप से निकालकर संपर्क तोड़ लिया।

जिस नंबर से कथित अनिकिता डेका ने कॉल की थी वह नंबर भी बंद आने लगा। सेक्टर-126 थाना प्रभारी ने बताया पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस मामले को साइबर क्राइम थाने भेजकर जांच कराई जाएगी।

# नोएडा में सफाई कर्मियों की मौत पर एक्शन

**अवर अभियंता सेवा मुक्त, प्रबंधक को प्रतिकूल प्रविष्टि; एसएम से मांगा जवाब**

**नोएडा।** सेक्टर 115 में 16 अगस्त को पंपिंग स्टेशन के सीवर की सफाई के दौरान दो सफाई कर्मियों की मौत के मामले में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम ने कड़ी कार्रवाई की है। जांच रिपोर्ट में अवर अभियंता, प्रबंधक और वरिष्ठ प्रबंधक तीनों की लापरवाही सामने आई है। ऐसे में सीईओ ने अवर अभियंता अनिल वर्मा संविदा को 3 महीने के लिए सेवा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं।

प्रबंधक पवन बरनवाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ जल एवं सीवर के खंड एक के वरिष्ठ प्रबंधक अशोक कुमार वर्मा को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बता दे अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश को जांच करने की जिम्मेदारी सौंप गई थी। उन्होंने सोमवार को जांच रिपोर्ट सीईओ को सौंपी। जिसमें सेक्टर 115 के पंपिंग स्टेशन की सीवर की सफाई के दौरान दो सफाई कर्मियों की मौत के मामले में उक्त तीन अधिकारियों को प्रथम दृष्टया लापरवाही का दोषी पाया गया है।




बता दें कि, जल एवं सीवर के महाप्रबंधक स्तर पर अक्सर ठेकेदारों को सख्त हिदायत दी जाती थी कि वह सुरक्षा उपकरण व मास्क के बगैर सफाई कर्मियों को सीवर में नीचे उतरने ना दें। इसके बावजूद भी ठेकेदारों ने शीर्ष अधिकारियों की चेतावनी को नजर अंदाज करके बिना सुरक्षा उपकरणों से सफाई कर्मियों को सीवर की सफाई के लिए नीचे उतार दिया। जिसके कारण जहरीली गैस से दम घुटने के कारण दोनों सफाई मजदूर की मौत हो गई थी।

### नोएडा में निवेश के नाम पर 68 लाख की ठगी

**नोएडा।** नोएडा में साइबर ठगों ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर एक बुजुर्ग कारोबारी से 68 लाख 77 हजार रुपए हड़प लिए। मामला तब सामने आया जब पीड़ित ने रकम वापस मांगनी चाही और जालसाजों ने उन्हें करोड़ों का मुनाफा दिखाकर और पैसा जमा करने का दबाव बनाया। ठगी का एहसास होने पर बुजुर्ग ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। सेक्टर-128 स्थित जेपी विश टाउन की किलिप्सो कोर्ट सोसाइटी में रहने वाले जयहश जगदीश पटेल ने बताया कि वह कारोबारी हैं और शेयर बाजार में निवेश में रुचि रखते हैं। 16 जुलाई को उनके मोबाइल पर वॉट्सऐप से एक मैसेज आया। संदेश भेजने वाले ने उन्हें एक वेबसाइट से जुड़ने के लिए कहा और दावा किया कि इस प्लेटफॉर्म पर जुड़ने के बाद निवेश की गई रकम कई गुना हो जाएगी। मुनाफे का लालच देखकर पटेल ने 22 जुलाई को पहली बार 50 हजार रुपए अपने आईसीआईसीआई बैंक खाते से ट्रांसफर कर दिए। पहली बार निवेश करने के बाद उन्हें लगातार प्रलोभन दिया गया। जालसाजों ने हर बार और बड़ा मुनाफा दिखाकर उन्हें दोबारा पैसे लगाने को कहा। इस तरह आठ अगस्त तक उन्होंने आठ बार में कुल 68 लाख 77 हजार रुपए अलग-अलग किस्तों में जमा कर दिए। यह पूरी रकम आरोपी के तमिलनाडु स्थित एक बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी। निवेश करने के बाद उन्हें बताया गया कि उनका लाभ पांच करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस

## 21 शिकायतें प्राप्त, मौके पर 05 का निस्तारण, लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सदर में तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से जुड़ी 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मौके पर ही 05 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कुम्हारी कला योजना के अंतर्गत ग्राम पंडरी निवासी वीरवल, मोहन लाल, देवेन्द्र कुमार और छोटे लाल को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसके अलावा ग्राम प्यास निवासी आकाश कुमार को आवास आवंटन का प्रमाण पत्र सौंपा गया। मत्स्य पालन योजना के अंतर्गत ग्राम ढेरम निवासी मंगली प्रसाद और ग्राम दहगला निवासी अरुण कुमार कश्यप को तालाब आवंटन प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के दौरान लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्र में गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करें और गोवंशों के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें ताकि समय पर समाधान कराया जा सके। उन्होंने लेखपालों को गांवों में वरासत दर्ज कराने, विद्यालयों को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाने, ग्राम सचिवालय में निर्धारित दिवस पर अनिवार्य रूप से बैठने तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर सतर्क दृष्टि रखने के निर्देश दिए।इसके साथ ही उन्होंने खंड विकास अधिकारियों, लेखपालों और संबंधित अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, गांवों में अति गरीब व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने तथा ग्राम चौपाल में अंश निर्धारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



विशाल इण्डिया पूनम तिवारी

**अंबेडकरनगर।** शासन के मंशानुसार जनपद के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। तहसील भीटी में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता तथा एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह के कुशल संचालन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 46 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 03 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष को संबंधित विभागों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही यह भी कहा गया कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना व निस्तारित किया जाए। इस अवसर पर भीटी तहसील के जनपद स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे और लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।

# नगर निगम के विरोध में, अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा का धरना प्रदर्शन

महेश सिंह विशाल इंडिया




**लखनऊ।** अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा द्वारा संविदा सफाई कर्मचारियों व कार्यदाई ठेका सफाई कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन के द्वारा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अंतर्गत भारतीय श्रम कानून से संबंधित संसद का एक अधिनियम है और अकुशल श्रमिकों को दी जाने वाली न्यूनतम मजदूरी दरों में वृद्धि की है खासकर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए जैसे लोडिंग, अनलोडिंग झाड़ू सफाई आदि कार्यों में लगे हुए मजदूरों के लिए केंद्र सरकार की नई दरें अक्टूबर 2024 से लागू की गई है। इसमें क्षेत्र ए के अकुशल श्रमिकों को 783 रुपए प्रतिदिन 20,358 प्रतिमाह, अर्द्धकुशल श्रमिकों को 868 रुपए प्रतिदिन 22,568 प्रतिमाह, कुशल श्रमिक / लिपिक एवं शस्त्र रहित चौकीदार को 954 रूपये प्रतिदिन 24,804 प्रतिमाह और उच्च कुशल व शस्त्र सहित चौकीदार को 1035 रुपए प्रतिदिन 26,910 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। इसी क्रम में यूपी सरकार की घोषणा के अनुसार सभी श्रेणियों के मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी को बढ़ा दिया गया है जो अप्रैल 2025 से लागू है लेकिन नगर निगम प्रशासन अभी तक लागू नहीं किया।

# सनबीम स्कूल में छात्रों के दो गुटों द्वारा खुनी संघर्ष एक की मौत

हरिनारायण यादव विशाल इंडिया

गाजीपुर। थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत महाराजगंज स्थित सनबीम स्कूल में छात्रों के दो ग्रुपों में विवाद हो गया तथा एक पक्ष द्वारा चाकू से हमला कर दिया गया। उक्त घटना में एक छात्र आदित्य वर्मा पुत्र शिवजी वर्मा निवासी मुहम्मदाबाद (वार्ड नं0 25) थाना मुहम्मदाबाद की मृत्यु हो गई तथा दोनों पक्षों के अन्य तीन छात्रों को भी चोटें आयी हैं। जिसमें एक छात्र हमलावर ग्रुप का भी होना बताया जा रहा है। दोनों पक्ष किशोरवय के ही हैं। सूचना मिलते ही तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक नगर गाजीपुर तथा क्षेत्राधिकारी नगर के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया । मौके पर फील्ड यूनिट एवं अन्य टीमें मौजूद हैं । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। मृतक के पिता की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया जा चुका है।

# बराही गांव में कृषक भ्रमण कार्यक्रम, किसानों ने सीखी गन्ना उत्पादन की आधुनिक तकनीकें



**बरखेड़ा (पीलीभीत)।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल बरखेड़ा यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन के निर्देशन में शुक्रवार को कृषक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर महाप्रबंधक गन्ना प्रदीप राठी ने निदेशक मंडल समिति नवाबगंज को हरी झंडी दिखाकर बराही गांव के लिए रवाना कर किया।

बराही गांव में प्रगतिशील गन्ना उत्पादक किसान सुखदीप सिंह के खेत पर आयोजित इस भ्रमण कार्यक्रम में किसानों को गन्ना उत्पादन से जुड़ी विभिन्न उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई। सुखदीप सिंह ने शरदकालीन गन्ने की फसल में सह-फसल के रूप में चना, लाही और मटर की खेती का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही उन्होंने गन्ने की दूरी विधि, मशीनीकरण, गन्ना बंधाई और मिट्टी चढ़ाने की विधियों को विस्तार से समझाया।

भ्रमण कार्यक्रम में आए किसानों से संवाद करते हुए सुखदीप सिंह ने गन्ना उत्पादन लागत को कम करने और आय बढ़ाने के उपाय साझा किए। उन्होंने कहा कि नई तकनीक और सह-फसली खेती अपनाने से किसान बेहतर उत्पादन के साथ अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सुखदीप सिंह को गन्ना उपज और दूध उत्पादन के लिए राज्य और केंद्र सरकार दोनों स्तरों पर सम्मानित किया जा चुका है।भ्रमण कार्यक्रम में पहुंचे किसानों ने प्रदर्शन प्लॉट को सराहनीय बताते हुए कहा कि वे भी अपनी खेती में इन तकनीकों को अपनाकर अधिक उत्पादन का प्रयास करेंगे।

किसानों ने उन्नत तकनीक अपनाकर खेती में सुधार लाने का संकल्प भी लिया।इस अवसर पर चीनी मिल बरखेड़ा की ओर से मनोज कुमार पांडेय, संजीव सिरोही, शिवराज सिंह यादव, सुरेंद्र सिंह और गौरव तोमर उपस्थित रहे।

# शिकायतकर्ता की समस्या का स्वयं संज्ञान लें और व्यक्तिगत रुचि लेकर उसका निस्तारण सुनिश्चित करायें : जिलाधिकारी

## सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने जनशिकायतें सुनी और मौके पर निस्तारण कराया



**ललितपुर।** सोमवार को सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने तहसील में आये फरियादियों की शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण भी कराया। उन्होंने प्रत्येक शिकायतकर्ता को अपने समक्ष बुलाकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्या सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा।इतना ही नहीं जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी शिकायत में अनावश्यक विलम्ब न हो, पीढ़ित को त्वरित न्याय व राहत देना जिला प्रशासन का दायित्व है, जिसके लिए आप सभी यहां उपस्थित हुए हैं।शिकायतकर्ताओं की समस्या का स्वयं संज्ञान लें और व्यक्तिगत रुचि लेकर उसका निस्तारण सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी स्वयं जनशिकायत प्रणाली की समीक्षा करते हैं, इसलिए कार्य में लापरवाही बरतने की कोई गंजाइश नहीं है, अधिकारी पूरी निष्ठा से जनशिकायतों का निस्तारण करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में निम्न शिकायतें प्राप्त हुईं। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 04, पुलिस का 01, विद्युत के 02, विकास विभाग का 01 तथा अन्य विभागों के 11 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 05 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस के 04, विकास के 02, पूर्ति के 02, विद्युत का 01, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य विभाग के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 35 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 12, विकास के 03, पुलिस के 07, पूर्ति के 10 तथा अन्य विभागों के 03 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

# आगरा में स्ट्रीट डॉग्स के समर्थन में प्रदर्शन

**आगरा।** दिल्ली-एनसीआर में देसी श्वानों को जबरन कैद करने के आदेश के विरोध में रविवार को आगरा की सड़कों पर पशु प्रेमी उतर आए।

नगर निगम कार्यालय से शहीद स्मारक तक शांतिपूर्ण रैली निकालकर करीब 150 से ज्यादा पशु प्रेमियों और संस्थाओं ने विरोध दर्ज कराया।

देश की शान देसी श्वान, एमसीडी का घोटाला नहीं सहेगा श्वान हमारा जैसे नारों के साथ फीडर्स और एनिमल लवर्स ने एमसीडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

प्रदर्शन में कैस्पर्स होम ट्रस्ट, पीएफए, जीव आसरा, रुद्रा एनिमल वेलफेयर समेत कई संगठनों ने भाग लिया। प्रर्दशन में पशु प्रेमियों ने कहा कि अगर कोई इसका समर्थन करता है तो हम उसका विरोध करेंगे, फिर चाहें वो सरकार ही क्यों न हो। साथ ही दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता और भाजपा से राज्यसभा सदस्य विजय गोयल का भी विरोध किया।

प्रदर्शन का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए एनिमल डॉक्टर डॉ. नेहरू ने कहा कि सभी इंडी और स्ट्रीट डॉग्स को एक जगह बंद करना न तो संभव है और न ही व्यावहारिक।

सरकार के पास इतनी जगह ही नहीं है। उन्हें नसबंदी और एबीसी कार्यक्रम पर ध्यान देना चाहिए।

साथ ही उन्होंने बताया कि जो आंकड़े डॉग बाइट के नाम पर दिखाए जा रहे हैं, उनमें असल में मंकी बाइट और अन्य जानवरों के केस भी शामिल हैं।

# साइबर ठगी के आठ शिकायतों का निस्तारण, दो लाख चौरासी हजार रुपये कराए गए वापस

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना, ललितपुर पुलिस द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर क्राइम से सम्बन्धित ऑनलाइन शिकायते जो साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, NCCRP पोर्टल व www.cybercrime.gov.in पर प्राप्त हुई थी जिसके निस्तारण के क्रम में पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा साइबर क्राइम थाना की डेडीकेटेड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया था । साइबर क्राइम थाना की गठित टीम द्वारा साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, NCCRP पोर्टल व www.cybercrime.gov.in पर प्राप्त शिकायते जिनसे सम्बन्धित आवश्यक जानकारी व तकनीकी डाटा प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर उसका विभिन्न वित्तीय एजेंसियो/ बैंको/वालेट आदि से समन्वय स्थापित कर, जनपद ललितपुर, जनपद बुलन्दशहर, कर्नाटक, तमिलनाडु, प0बंगाल, राजस्थान राज्य के पीड़ितों के कुल 08 प्रकरणो में फ्राड हुई 2,84,000/- रुपये की धनराशि को वापस कराया गया । पीड़ितों की ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि, पीड़ितों के खाते में वापस होने पर, पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक ललितपुर व साइबर क्राइम थाना, ललितपुर पुलिस टीम की भूरि - भूरि प्रशंसा की गयी । साइबर क्राइम थाना /साइबर क्राइम सेल टीम, ललितपुर । किसी भी बिना पहचान वाले व्यक्ति को बैंकिंग/वित्तीय संबंधी जानकारी साझा न करे । यदि किसी व्यक्ति के साथ फ्रॉड हो जाये तो तत्काल टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करें या NCCRP पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें या साइबर क्राइम की वेवसाइट www.cybercrime.gov.in, या स्थानीय पुलिस को अविलंब सूचित करें। पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा साइबर क्राइम टीम को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया ।

# फौजी को टोल कर्मियों ने खंबे से बांधकर पीटा

**मेरठ।** यूपी में मेरठ-करनाल हाईवे पर स्थित भूनी टोल प्लाजा पर रविवार रात फौजी की टोलकर्मियों ने पिटाई कर दी। टोलकर्मियों ने फौजी को रातभर खंबे से बांधे रखा और पीटतेरहे। इससे गुस्साए फौजी के गांव गोटका और आसपास के गांवों के 500 से ज्यादा लोगों ने भूनी टोल ऑफिस पर हमला कर दिया। लोगों ने टोल ऑफिस की खिड़कियां, फर्नीचर तोड़ दिया और जमकर पत्थर बरसाए। लोगों की भीड़ देख टोल कर्मी मौके से भाग गए। ग्रामीणों ने सभी 6 लेनों के बैरिकेड्स को तोड़ दिया। इसके चलते सभी गाड़ियां बिना टोल दिए निकलने लगीं। सोमवार दोपहर 1 बजे से शुरू हुआ हंगामा शाम 5 बजे तक चलता रहा। पुलिस ने फौजी और उनके भाई से मारपीट करने वाले 6 टोल कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया। बाकी आरोपी टोलकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# डीआईजी, एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों के साथ किया भोजन

## डीआईजी ने पुलिस लाइन में आरटीसी क्लास रूम का किया उद्घाटन





**ललितपुर।** पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आरक्षियों के लिए नए क्लासरूम का शुभारंभ किया गया। डीआईजी व एसपी द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया । पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी केशव कुमार चौधरी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स ललितपुर में आरटीसी प्रशिक्षण कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के लिये किया गया बड़ा खाना का आयोजन तथा रिक्रूट आरक्षियों के साथ किया गया भोजन।

डीआईजी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स ललितपुर में प्रचलित आरटीसी हेतु नवनिर्मित क्लासरूम का उद्घाटन किया गया एवं क्लासरूम का निरीक्षण कर सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।पुलिस लाइन्स,ललितपुर में पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक जिलाधिकारी अमनदीप डुली के द्वारा आरटीसी प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षियों के लिये बड़ा खाना का आयोजित किया गया तथा रिक्रूट आरक्षियों व अन्य अधिकारीगण के साथ बैठकर किया गया भोजन । उक्त आयोजन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित समस्त रिक्रूट आरक्षी मौजूद रहे ।

# शार्ट न्यूज

## स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालयों में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**पीलीभीत।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एम.एस. उड़ान एनजीओ के माध्यम से जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें उपाधि महाविद्यालय, श्रीराम इंटर कॉलेज, जी.जी.आई.सी. कॉलेज और एस.एन. इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालय शामिल रहे।कार्यक्रम के दौरान अमरोहा से आए डॉ. मनीष ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव, वित्तीय विकास और भविष्य निर्माण से जुड़े अनेक पहलुओं पर उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को डिजिटल युग में सावधानी बरतने और सही दिशा में प्रयास करने पर विशेष जोर दिया।जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र कुमार सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार, अनीता रानी, जावेद अहमद, चांद और फ़ैयाज़ सर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## आसपुर और संडई में पहुँची 'बाघ एक्सप्रेस'

**पीलीभीत।** मानव और वन्यजीवों के बीच सहअस्तित्व को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे बाघ एक्सप्रेस जागरूकता अभियान की गाड़ी शुक्रवार को ग्राम आसपुर और संडई पहुँची। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाघों सहित वन्यजीव संरक्षण के महत्व को समझा। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए नुक्कड़ नाटकों ने ग्रामीणों का खूब मन मोह लिया। नाटकों के माध्यम से वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास की रक्षा, मानवीय गतिविधियों से उत्पन्न खतरे और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सरल भाषा में समझाया गया। संवाद सत्रों में किसानों, महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा वन्यजीव संरक्षण से जुड़े सवाल भी पूछे।इस कार्यक्रम का संचालन बाघ मित्र राजीव कुमार ने किया। वहीं बाघ मित्र मथुरा प्रसाद, जमुना प्रसाद शर्मा, इंद्रजीत, अश्वनी कुमार और विक्रम सिंह ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। उनकी टीम भावना और प्रयासों की ग्रामीणों ने भी सराहना की। कार्यक्रम में लगभग 275 लोगों ने भागीदारी की। पीलीभीत टाइगर रिजर्व और एम3एम फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस अभियान की ग्रामीणों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## करंट हादसे में निजी स्कूल प्रबंधक की मौत

हरिनारायण यादव विशाल इंडिया

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव में सोमवार तड़के एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। जॉन किड्स चिल्ड्रेन स्कूल के प्रबंधक संजय यादव (35 वर्ष) घर पर ही लगे ट्यूबवेल का फेस बदलते समय करंट की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। बताया गया कि जैसे ही संजय करंट की जद में आए, उनकी भाभी ने बचाने का प्रयास किया तो उन्हें भी झटका लग गया। तत्पश्चात बड़े भाई ने किसी तरह छत पर चढ़कर पोल से तार हटाया और तत्काल संजय को मऊ के फातिमा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संजय यादव के निधन की खबर से दुल्लहपुर से लेकर जखनियां तक शोक की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रबंधक होने के साथ ही वे अपने मृदुल स्वभाव, मिलनसारिता और समाजसेवा के लिए जाने जाते थे। गरीब बच्चों की शिक्षा में हमेशा सहयोग करना उनका जीवन मंत्र था।

## पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** बार पुलिस ने वांछित चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी तालबेहट के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान को दृष्टिगत रखते हुए थाना बार पुलिस द्वारा तीन वारण्टी भूरा पुत्र मगन उम्र करीब 25 वर्ष व चन्दा पुत्र मगन उम्र करीब 29 वर्ष निवासीगण ग्राम जरावली थाना बार जिला ललितपुर सम्बन्धित केस नं0 636/18 धारा 323/504/506 भादवि व मनोज पुत्र सरमन उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम टौरिया थाना बार जिला ललितपुर सम्बन्धित केस नं0 1498/12 धारा 147/504/506 भादवि को गिरफ्तार किया गया । वारण्टीगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम उ. नि. संजीव धामा का. कुलदीप कुमार आदि शामिल रहे।

## एडीजी रुल्स एंड मैनुअल्स ने छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**ललितपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक रुल्स एवं मैनुअल एल वी एन्टोनी देव कुमार व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के द्वारा पुलिस लाइन सभागार ललितपुर में छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें, छात्रों को पुलिसिंग की प्रक्रियाओं तथा कानून - व्यवस्था की समझ प्रदान की गयी । उन्हे कानून का पालन करने वाले जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया । छात्रों में सामाजिक कर्तव्य् और जिम्मेदारियों के प्रति जागरुकता बढ़ाई गयी तथा सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गई । पुलिस और छात्रों के बीच संवाद स्थापित कर, आपसी विश्वास बढ़ाने के प्रति जागरुक किया गया ।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**आगरा।** आगरा में कांग्रेसियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास का घेराव किया। उनके घर के बाहर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने मुख्य चुनाव आयुक्त के आवस पर पहुंचने से 50 मीटर पहले कांग्रेसियों को रोकने का प्रयास किया। मगर कांग्रेसी नहीं माने। इस दौरान पुलिस की प्रदर्शनकारियों से झड़प हो गई। पुलिस कर्मियों को साइड करते हुए कांग्रेसी तेजी से आगे बढ़ गए। मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास के पास पहुंच कर नारेबाजी की। कांग्रेसी हाथों में तख्तियां लिए हुए थे। कांग्रेसियों ने कहा- मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चारे हैं, वह भाजपा के नेता हैं। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। राहुल गांधी से माफी मांगनी चाहिए। करीब एक घंटे तक कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया।

## जालौन में 2 मासूम बेटियों को यमुना में फेंका

**जालौन।** जालौन में एक पिता ने अपनी दो मासूम बच्चियों को यमुना नदी में फेंक दिया। बड़ी बेटी हाथ छुड़ाकर भाग निकली। उसने कहा- पापा मुझे नहीं मरना है। इसके बाद पिता ने भी नदी में छलांग लगा दी। पिता घरेलू कलह से तंग आ चुका था। उसने बेटियों से कहा- चलो तुम्हें तुम्हारी मां से मिलवाऊंगा। इस पर तीनों बेटियां उसके साथ गई थीं। मामला रामपुरा थाना क्षेत्र के मढ़ेपुरा गांव का है। पुलिस ने गोताखोरों और स्टीमर की मदद से लापता पिता और उसकी 2 बेटियों की तलाश शुरू की है। लेकिन, अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लगा है। पिता से जान बचाकर भागी बच्ची सुनैना ने बताया कि पापा हमें गाड़ी पर बिठाकर पुल पर लेकर आए थे। पहले दो बहनों को नदी फेंक दिया। मैं भाग गई। पापा-मम्मी की हमेशा लड़ाई होती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल के उप पीएम बोले- भारत से संबंध रोटी-बेटी से भी आगे के

**काठमांडो, एजेंसी।** नेपाल के उपप्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह ने भारत को उसके 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, नई दिल्ली-काठमांडो संबंध सिर्फ रोटी और बेटी तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक आयामों तक भी फैले हुए हैं। उन्होंने शुक्रवार को ललितपुर में भारतीय दूतावास के ध्वजारोहण कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, भारत-नेपाल संबंध अपने आप में बेहद खास हैं। हमारी सीमाएं खुली हैं और हमारे बीच सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत निकटता है। सिंह ने कहा, दोनों देशों में द्विपक्षीय संबंधों को आपसी सहयोग और भी प्रगाढ़ किया जाएगा।

### म्यांमार के मोगोक में सेना के हमले में 16 महिलाओं समेत 21 की मौत

**मोगोक , एजेंसी।** म्यांमार के मोगोक शहर में सेना के हवाई हमले में 16 महिलाओं सहित 21 लोग मारे गए और सात घायल हो गए। मृतकों में एक गर्भवती भी थी। इस शहर पर पिछले साल जुलाई में तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) ने कब्जा कर लिया था। टीएनएलए, सेना के खिलाफ लड़ने वाले शक्तिशाली जातीय मिलिशिया में से एक है। टीएनएलए के प्रवक्ता लवे याय ऊ ने बताया, हमला बृहस्पतिवार की रात 8 :30 बजे मोगोक टाउनशिप के श्वेगु वार्ड में हुआ। इसमें कई घरों और बौद्ध मठों को भी नुकसान पहुंचा है। फरवरी 2021 में सेना के सत्ता हथियाने के बाद शुरू हुए गृहयुद्ध के बीच विद्रोही समूहों से क्षेत्र को फिर से पाने के लिए यहां हमले तेज हो गए हैं।

### पाकिस्तान में ट्रेन हादसा, एक की मौत कई घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को हुए एक ट्रेन हादसे में एक यात्री की मौत हो गई और कई अन्य घायल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर जाने से कम से कम एक यात्री की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पेशावर से कराची जा रही आवाम एक्सप्रेस लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर पंजाब के लोधरान जिले में पटरी से उतर गई। उन्होंने कहा, ट्रेन के लगभग चार डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसमें एक यात्री की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। घायलों में तीन यात्रियों की हालत बेहद गंभीर है। इस महीने पंजाब में ट्रेन के पटरी से उतरने की यह तीसरी घटना है। पिछले सोमवार को, लाहौर के रायविंड में मूसा पाक एक्सप्रेस के दो डिब्बे और इंजन पटरी से उतर जाने से पांच यात्री घायल हो गए थे। दुर्घटना के समय ट्रेन लाहौर से मुल्तान जा रही थी। इस महीने की शुरुआत में लाहौर से इस्लामाबाद जा रही इस्लामाबाद एक्सप्रेस के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए थे, जिसमें 30 यात्री घायल हो गए थे।

### सर्बिया में प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प

**बेलग्रेड, एजेंसी।** सर्बिया में लगातार हो रहे हिंसक प्रदर्शनों के बीच शनिवार को हालात और बिगड़ गए। प्रदर्शनकारियों की राजधानी बेलग्रेड और पश्चिमी सर्बिया के शहर वाल्जेवो में पुलिस के साथ झड़प हो गई। वाल्जेवो में गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति अलेक्सांद्र वुसिक के खिलाफ नारे लगाए और सत्तारूढ़ पार्टी सर्बियन प्रोग्रेसिव पार्टी के दफ्तर में आग लगा दी। इसके बाद दंगा पुलिस से भिड़ंत हो गई। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और गोलियां चलाईं। जवाब में प्रदर्शनकारियों ने पत्थर, बोतलें और आगजनी की। बेलग्रेड में भी शाम को ऐसी ही झड़पें हुईं, जहां प्रदर्शनकारियों ने कूड़ेदान में आग लगा दी। गौरतलब है कि नवंबर में एक रेलवे स्टेशन की छत गिरने से 16 लोगों की मौत हो गई थी। लोगों का आरोप है कि भ्रष्टाचार और घटिया काम की वजह से यह हादसा हुआ। उसी समय से देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। शुरू में ये शांतिपूर्ण थे, लेकिन अब हिंसक हो गए हैं।

# ट्रम्प ने वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड की तैनाती बढ़ाई

## तीन राज्यों से 700 सैनिक बुलाए, राष्ट्रपति बोले थे- राजधानी में हालात काबू से बाहर




**वॉशिंगटन डी सी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प राजधानी वॉशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गार्ड्स को वॉशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे। अभी वॉशिंगटन में 800 नेशनल गार्ड्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रम्प कंट्रोल करते हैं।

इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। हालांकि नेशनल गार्ड्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले 12 अगस्त को ट्रम्प ने वॉशिंगटन को केंद्र सरकार के कंट्रोल में ले लिया था। उन्होंने कहा कि राजधानी में हालात काबू से बाहर हैं, राजधानी में बिगड़ी कानून व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना जरूरी है।

**ट्रम्प ने वॉशिंगटन की पुलिस को कंट्रोल में लिया :** ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था कि उन्होंने राजधानी में डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया होम रूल एक्ट की धारा 740 लागू कर दी है। इसका मतलब है कि डीसी मेट्रोपॉलिटन पुलिस अब सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करेगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा, हमारी राजधानी को हिंसक गिरोहों और अपराधियों ने घेर लिया है। 2024 में हिंसक अपराध 30 साल के निचले स्तर पर पहुंचे। हम नेशनल गार्ड की मदद से कानून और व्यवस्था बहाल करेंगे। इस साल वॉशिंगटन डीसी में 98 लोगों का कत्ल हो चुका है और नस्लीय झगड़ों के कारण 3782 लोग बेघर हुए हैं।

**वॉशिंगटन की मेयर बोलीं- शहर में अपराध नहीं बढ़ा :** अमेरिका में ट्रम्प के इस कदम की आलोचना हो रही है। वॉशिंगटन की मेयर म्यूरियल बोउजर ने कहा- शहर में क्राइम नहीं बढ़ा है। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में हिंसक अपराध 35प्रतिशत कम हुआ और 2025 के पहले सात महीनों में 26त्न की कमी आई। कुल अपराध भी 7प्रतिशत घटा है। हालांकि, गोलीबारी चिंता का विषय है। 2023 में अमेरिका में गोलीबारी से होने वाली हत्याओं में वॉशिंगटन तीसरे स्थान पर था।

**ट्रम्प ने 52 साल पुराने नियम का इस्तेमाल किया :** राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा उन्होंने 1970 के होम रूल एक्ट का इस्तेमाल किया है। यह राष्ट्रपति को अधिकार देता है कि वह इमरजेंसी की हालत में 48 घंटे तक शहर की पुलिस का नियंत्रण ले सकते हैं।

कानून के मुताबिक, अगर राष्ट्रपति वॉशिंगटन डीसी से जुड़े कानून बनाने वाली संसद की समितियों के अध्यक्ष और सदस्यों को इसकी जानकारी दे दें, तो पुलिस का नियंत्रण लंबे समय तक रखा जा सकता है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ट्रम्प ने यह औपचारिक सूचना दी है या नहीं। नियम के मुताबिक अगर शहर पर कंट्रोल 30 दिनों से ज्यादा रखना हो, तो इसके लिए संसद में कानून पास कराना जरूरी होता है।

**ट्रम्प ने लॉस एंजिल्स में 5 हजार नेशनल गार्ड सैनिक तैनात किए थे :** ट्रम्प ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में भी 5 हजार नेशनल गार्ड तैनात किए थे, जिसका स्थानीय नेताओं ने विरोध किया था। वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की तैनाती का अधिकार राष्ट्रपति के पास है, क्योंकि यह केंद्र शासित क्षेत्र है। पहले भी 2020 में पुलिस क्रूरता के खिलाफ प्रदर्शनों और 2021 में कैपिटल हमले के दौरान नेशनल गार्ड तैनात किए गए थे। इस बीच, सैन फ्रांसिस्को में एक मुकदमा शुरू हुआ है, जिसमें ट्रम्प प्रशासन पर बिना गवर्नर की अनुमति के नेशनल गार्ड और मरीन भेजने का आरोप है। अमेरिकी कानून सैन्य बलों को स्थानीय कानून व्यवस्था में सीधे शामिल होने से रोकता है।

# परेशानी बन गए हैं नेतन्याहू, इजरायल पर भी लगें रूस जैसे प्रतिबंध: मेटे फ्रेडरिक्सन



**कोपेनहेगन, एजेंसी।** गाजा में जारी युद्ध और आम इंसानों की मौत ने दुनिया भर में इजरायल के खिलाफ माहौल बना दिया है। हमेशा इजरायल के सपोर्ट में खड़े दिखने वाले यूरोपीय देश भी अब खुलकर पीएम नेतन्याहू और उनकी नीतियों का विरोध करने लगे हैं। इसी क्रम में अब नया नाम डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन का भी जुड़ गया है। मेटे ने इजरायली प्रधानमंत्री को एक समस्या बताते हुए कहा कि गाजा में बिगड़ते मानवीय संकट के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए यूरोपीय संघ को भी इजरायल पर दबाव डालना चाहिए। अगर तब भी हालात नहीं सुधरते तो फिर इजरायल पर भी रूस की तरफ प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए।

डेनमार्क ने कई देशों द्वारा फिलिस्तीन को मान्यता देने को लेकर किए जा रहे विचार पर अपनी सहमति नहीं जताई। पीएम ने कहा कि फिलिस्तीनी राज्य को तत्काल मान्यता देने से संघर्ष कम नहीं होगा। हालांकि उन्होंने कोपेनहेगन के द्वि-राज्य समाधान के समर्थन की पुष्टि की। फ्रेडरिक्सन ने लिखा, फिलिस्तीन को अभी मान्यता देने से उन हजारों बच्चों की मदद नहीं होगी, जो वर्तमान में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह नहीं होगा चाहे आप कितना भी चाह लें। इसके बजाय हमें इजरायल और हमास दोनों पर दबाव बढ़ाने की जरूरत है।

लंबे समय तक इजरायल की मुखर समर्थक रहीं फ्रेडरिक्सन ने नेतन्याहू की नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने नेतन्याहू पर आरोप लगाया कि उनकी सरकार इजरायल के हितों के विरुद्ध काम कर रही है। नेतन्याहू के बिना इजरायल ज्यादा बेहतर तरीकों से काम करेगा।

उन्होंने गाजा युद्ध में इजरायली सेना द्वारा की जा रही मासूम लोगों की हत्याओं की निंदा करते हुए इसे बेहद भयावह और विनाशकारी बताया। अपना रुख दोहराते हुए फ्रेडरिक्सन ने कहा कि डेनमार्क अभी फिलिस्तीन को मान्यता देने वाले देशों में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा, डेनमार्क हमास को इनाम नहीं देना चाहता। हम फिलिस्तीन को मान्यता तभी देंगे जब इसके जरिए फिलिस्तीनी क्षेत्र में वास्तव में हमास से रहित स्थाई लोकतांत्रिक राज्य स्थापित हो और इजरायल भी उसे मान्यता दे।

आपको बता दें वर्तमान में यूरोपीय संघ की अध्यक्षता डेनमार्क के पास है। कोपेनहेगन की तरफ से बताया गया कि डेनमार्क इजरायल पर भी रूस की तरह ही प्रतिबंध लगाने का विचार कर रहा है। इन प्रतिबंधों का व्यापक और शक्तिशाली प्रभाव होगा। हालांकि अभी किसी भी विचार पर सहमति नहीं बन पाई है और न ही किसी उपाय को खारिज किया गया है।

# रूस की इलास्टिक फैक्ट्री में विस्फोट के बाद आग, 11 लोगों की मौत; 130 से ज्यादा घायल



**मॉस्को, एजेंसी।** रूस से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां रयाजान क्षेत्र में एक फैक्ट्री में लगी आग से 11 लोगों की मौत हो गई और लगभग 130 लोग घायल हो गए। यह हादसा शुक्रवार को शिलोवस्की जिले के इलास्टिक प्लांट में हुआ, जो मॉस्को से लगभग 250 किलोमीटर दूर है। आपातकालीन टीमें मलबे में तलाश जारी रखे हुए हैं और शनिवार तक दो और शव बरामद किए गए।

मामले में रूसी अधिकारियों ने बताया कि फैक्ट्री के गनपाउडर वर्कशॉप में आग लगी, जिससे विस्फोट हुआ। घायलों में से 29 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है, जिनमें 13 रयाजान और 16 को मॉस्को के मेडिकल सेंटर में स्थानांतरित किया गया है।

बता दें कि रूसी आपातकाल मंत्रालय ने बताया कि फैक्ट्री में मौजूद गनपाउडर वर्कशॉप में आग लगने से धमाका हुआ। राहत और बचाव कार्य जारी है और मलबे से शनिवार सुबह तक दो और शव निकाले गए।

प्रशासन ने बताया कि तीन लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है और सोमवार को रियाजान क्षेत्र में शोक दिवस घोषित किया गया है। इस दिन झंडे झुके रहेंगे और सभी सांस्कृतिक व मनोरंजन कार्यक्रम रद्द रहेंगे। गौरतलब है कि इसी फैक्ट्री में अक्तूबर 2021 में भी एक बड़ा धमाका हुआ था, जिसमें 17 लोगों की जान गई थी।

# असीम मुनीर ने राष्ट्रपति जरदारी को हटाने की बात को किया खारिज, कहा- राजनीतिक अराजकता फैलाने की साजिश



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को उनके पद से हटाने को लेकर चल रहे अटकलों के बीच पाकिस्तान सेना प्रमुख असिम मुनीर का बड़ा बयान आया है। उन्होंने इन अटकलों को पूरी तरह से खारिज करते हुए इसे पूरी तरह से गलत बताया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मुनीर ने कहा कि ऐसी अफवाहें राजनीतिक अराजकता फैलाने की साजिश हैं।

बता दें कि जुलाई में सोशल मीडिया पर यह खबरें आई थीं कि राष्ट्रपति जरदारी को हटाया जा सकता है। साथ ही सेना प्रमुख खुद देश के शीर्ष पद पर आ सकते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने इसको सिरे से खारिज कर दिया था।

**ब्रुसेल्स में हुई बैठक में बोले पाकिस्तानी सेना प्रमुख :** मामले में पत्रकार सुहैल वरैंच ने बताया कि ब्रुसेल्स में हुई एक बैठक के दौरान सेना प्रमुख मुनीर ने उन्हें बताया कि ये अफवाहें पूरी तरह गलत हैं।

मुनीर ने कहा कि भगवान ने मुझे देश का रक्षक बनाया है, मैं किसी भी पद की इच्छा नहीं रखता। इसके साथ ही राजनीतिक मेल-मिलाप के बारे में मुनीर ने कहा कि यह तभी संभव है जब सभी पक्ष ईमानदारी से माफी मांगें। यहां पर मुनीर का इशारा पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और उसके नेता इमरान खान की तरफ था।

**विदेशी मामलों पर भी बोले मुनीर :** इसके साथ ही विदेशी मामलों पर मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान अमेरिका और चीन के बीच संतुलन बनाए रखेगा और किसी एक को दूसरों के लिए कुर्बान नहीं करेगा। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति प्रयासों को ईमानदार बताया। साथ ही कहा कि पाकिस्तान ने उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करने में पहल की थी।

# मेलेनिया ने पुतिन के नाम लिखा खत, ट्रंप ने अपने हाथों से रूसी राष्ट्रपति को दिया; क्या लिखा था?



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष पुतिन के बीच अलास्का में हुई बैठक पर दुनिया भर की नजरें थीं। यह मीटिंग भले ही रूस और यूक्रेन का युद्ध अभी रुकवा नहीं पाई हो लेकिन दोनों पक्षों की तरफ से इस मीटिंग को प्रोडक्टिव बताया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मीटिंग के पहले ट्रंप ने अपनी पत्नी मेलेनिया द्वारा लिखा एक खत राष्ट्रपति पुतिन को अपने हाथों से दिया। इस खत में उन्होंने यूक्रेन के अगली पीढ़ी के लिए हमले रोकने की अपील की। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने जैसे ही यह खत पुतिन को दिया। उन्होंने बिना कोई समय गंवाए वहीं पर इसे पढ़ना शुरू कर दिया। इस पत्र को अब सार्वजनिक कर दिया है। इसमें अमेरिका की प्रथम महिला ने लिखा, हर बच्चे के दिन में एक जैसे शांत सपने होते हैं। वह ग्रामीण, शहरी क्षेत्र में या किसी भी देश में पैदा हुआ हो। वह केवल प्यार, संभावना और खतरे से सुरक्षा के सपने देखते हैं। माता-पिता होने के नाते... अगली पीढ़ी की इस आशा को पोषित करना और उसे बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। अपने-अपने देशों के नेताओं के रूप में हमारी जिम्मेदारी कुछ और आगे तक है।

उन्होंने लिखा, बिना किसी शक के मैं यह कह सकती हूं कि हम सभी को एक गरिमापूर्ण विश्व की कल्पना करनी चाहिए। ताकि हर इंसान शांति के साथ जाग सके और भविष्य पूरी तरह से सुरक्षित रहे।

प्रथम महिला ने लिखा, राष्ट्रपति पुतिन मुझे इस बात का यकीन है कि आप भी इस बात से सहमत होंगे कि प्रत्येक पीढ़ी के वंशज अपने जीवन की शुरुआत पवित्रता के साथ करें। एक मासूमियत के साथ, जिसमें भूगोल, सरकार या किसी विचारधारा का कोई हस्तक्षेप न हो। आज की दुनिया में कुछ बच्चे अपने आस-पास के अंधेरे में, अपनी हंसी को शांत रखने के लिए मजबूर हैं। राष्ट्रपति पुतिन आप अकेले ही इन बच्चों को उनकी प्यारी हंसी वापस कर सकते हैं। इन बच्चों की रक्षा करके आप केवल रूस की ही सेवा नहीं करेंगे, बल्कि आप मानवता की सेवा भी करेंगे।

अपनी बात को खत्म करते हुए मेलेनिया ने कहा, ऐसा साहसिक विचार सभी मानवीय भेदभावों से परे है और आप केवल पेन के एक झटके से इस बात को लागू कर सकते हैं। अमेरिका की प्रथम महिला के इस खत को सार्वजनिक करते हुए अटॉर्नी जनरल पाम बांडी ने लिखा, वह हर अमेरिकी के दिल की बात को कहती हैं और एक ऐसे विश्व का आह्वान कर रही हैं, जहां चाहे कहीं भी पैदा हुए बच्चे शांति के साथ रह सकें।

आपको बता दें कि अलास्का में हुई बैठक के बाद दोनों ही पक्षों ने इस बैठक को उपयोगी करार दिया था। हालांकि दोनों ने किसी समझौते पर पहुंचने से इनकार किया। बैठक के बाद ट्रंप ने कहा कि ज्यादातर मुद्दे सुलझ गए हैं यह अब जेलेंस्की के हाथ में हैं कि वह कैसे करते हैं। इसी बीच यह खबर सामने आई है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष से मिलने के लिए वाशिंगटन जा रहे हैं।

# 22 अगस्त को ट्रंप, जेलेंस्की और पुतिन के बीच हो सकती है संयुक्त बैठक, रिपोर्ट्स में बड़ा दावा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी बैठक के बाद यूरोपीय नेताओं से फोन पर बात की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बातचीत में ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं से कहा कि वे 22 अगस्त तक पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करना चाहते हैं। पुतिन से मुलाकात के बाद ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी बात की। इस बातचीत में दोनों नेताओं के बीच सोमवार को वॉशिंगटन में मुलाकात करने पर सहमति बनी।

**जर्मन चांसलर ने भी त्रि-पक्षीय बैठक के दिए संकेत :** यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में सोमवार को वॉशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने की पुष्टि की। अमेरिकी ऑनलाइन मीडिया आउटलेट एक्सियोस के अनुसार, ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं को भी सोमवार को व्हाइट हाउस में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने शनिवार को कहा कि जेलेंस्की और ट्रंप के बीच सोमवार को होने वाली बैठक के बाद एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन होने की उम्मीद है। हालांकि अभी तक रूस की तरफ से त्रि-पक्षीय बैठक में शामिल होने को लेकर कोई जानकारी या बयान सामने नहीं आया है।

**शांति समझौते पर हो रही चर्चा :** रूसी समाचार एजेंसी तास ने अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के हवाले से बताया कि पुतिन के साथ अपनी बैठक के बाद, ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं के साथ बातचीत में एक शांति समझौते का प्रस्ताव रखा, जिसके तहत यूक्रेन, रूस को डोनबास क्षेत्र सौंप देगा। वहीं बदले में यूक्रेन और यूरोप दोनों को सुरक्षा गारंटी की पेशकश की जाएगी। 15 अगस्त को अमेरिका के अलास्का में डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक हुई। दोनों नेताओं की बैठक करीब तीन घंटे चली। बैठक के बाद मीडिया बातचीत में ट्रंप ने शिखर वार्ता को बहुत ही उपयोगी बताया था।

# हमास के खिलाफ आखिरी जंग का ऐलान, गाजा में इजरायल का नया प्लान तैयार



**येरूशलम, एजेंसी।** पिछले 22 महीनों से गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर अब इजरायली भी परेशान हो गए हैं। युद्धविराम के लिए हजारों लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। उधर इजरायली सेना गाजा में नया प्लान तैयार कर रही है। वह फिलिस्तीनियों को दक्षिणी गाजा में शिफ्ट करने की योजना बना रही है जिससे कि घनी बस्ती वाले इलाकों में हमले किए जा सकें। इजरायली सेना का कहना है कि हमास के बचे-कुचे लड़ाके घनी बस्ती वाले इलाकों में छिपे हुए हैं। ऐसे में हमास को पूरी तरह खत्म करने के लिए इन इलाकों में ऑपरेशन चलाया जाएगा और आम लोगों को दक्षिणी गाजा में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

पहले भी धोखा खा चुके हैं फिलिस्तीनी

इजरायल गाजा में कई बार इस तरह के ऐलान कर चुका है। इजरायली सेना ने जब भी किसी इलाके को खाली करने का आदेश दिया तब अप्रत्याशित हमले भी किए गए।

कई बार ऐसा हुआ कि लोग जहां शिफ्ट हो रहे थे, वहीं बम गिरा दिए गए। ऐसे में फिलिस्तीनियों को इजरायल पर एकदम भरोसा नहीं है। हालांकि हमले के डर से बहुत सारे लोग दक्षिणी गाजा में जाने को तैयार भी हैं।

गाजा में मानवीय सहायता के लिए जिम्मेदार इजरायली सेना के विभाग कोगैट ने कहा कि रविवार से गाजा में टेंट और राहत सामग्री की सप्लाई सुचारु रूप से शुरू हो जाएगी। इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा है कि अब गाजा में हमास को हराने की आखिरी जंग जल रही है।

इजरायल की बात करें तो युद्ध से ऊब चुके लोग अब सड़कों पर आ चुके हैं। वहीं बंधकों के परिवारों को डर है कि अगर युद्ध आगे बढ़ता है तो बचे हुए 20 बंधकों के जीवन को भी खतरा हो सकता है। हमास समय-समय पर बंधकों के वीडियो जारी करता है। इससे इजरायली परिवारों में बेचैनी और बढ़ जाती है।

**गाजा में भुखमरी की शिकार महिला की इटली में मौत :** फिलिस्तीन की उस 20 वर्षीय महिला की मौत हो गई है, जिसे गाजा पट्टी में युद्ध के बीच शारीरिक रूप से बहुत कमजोर हो जाने के कारण इलाज के लिए इटली ले जाया गया था। महिला का इलाज कर रहे चिकित्सकों ने शनिवार को यह जानकारी दी। डॉक्टरों ने बताया कि महिला को बुधवार देर रात पीसा यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और शुक्रवार को उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# शुभमन गिल हो सकते हैं बाहर, यशस्वी जायसवाल एशिया कप टीम में होंगे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट सीरीज में शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के बावजूद भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल आगामी एशिया कप 2025 टीम में जगह बनाने से चूक सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं का मानना है कि गिल फिलहाल उनकी टी20 योजनाओं में फिट नहीं बैठते, जिससे टूर्नामेंट में उनका खेलना मुश्किल हो जाता है। संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित होने वाला एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होगा और टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। भारत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति मंगलवार, 19 अगस्त को मुंबई में टीम की घोषणा करेगी।

जानकारी के मुताबिक गिल की जगह यशस्वी जायसवाल को तीसरे सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने के लिए चुना जा सकता है। जायसवाल भारत की 2024 टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे, लेकिन किसी भी मैच में नहीं खेले। हालांकि गिल के पक्ष में जायसवाल को हटाने के बारे में अनौपचारिक चर्चा हुई थी, लेकिन ऐसा लगता है कि इस सुझाव को खारिज कर दिया गया है। गिल ने आखिरी बार पिछले साल जुलाई में श्रीलंका सीरीज के दौरान भारत का प्रतिनिधित्व टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में किया था।

गिल ने गुजरात टाइटन्स के साथ 2025 का सफल सीजन खेला जिससे सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी दावेदारी मजबूत हुई। फिर भी प्रबंधन संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की स्थापित सलामी जोड़ी को बनाए रखने के लिए उत्सुक है, जिन्होंने शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है। रिपोर्ट के अनुसार गिल को शामिल करने के लिए तिलक वर्मा को हटाने पर भी चर्चा हुई थी, लेकिन आईसीसी टी20आई बल्लेबाजी रैंकिंग में वर्मा की दूसरे नंबर के बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में प्रभावशाली स्थिति को देखते हुए इसे अनुचित माना गया।

बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से कहा गया, 'अगर गिल को शामिल किया जाता है, तो वह सीधे ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करेंगे। अगर उन्हें कोई मैच नहीं मिलता है तो उन्हें टीम में रखने का कोई मतलब नहीं है। साथ ही यह संजू के साथ अन्याय होगा जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर गिल टीम में आते हैं, तो संजू को टीम में जगह नहीं




मिल सकती है और जितेश शर्मा को एक मैच मिल सकता है।'

# चीन में आयोजित हुआ रोबोट ओलंपिक्स, जहां रोबोट बने मुक्केबाज, पहलवान और धावक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन पूरी दुनिया में अपनी टेक्नोलॉजी और अनोखे कामों के लिए जाना जाता है। इस कड़ी में चीन में द वर्ल्ड ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स का आयोजन हुआ। जिसमें 16 देशों की 280 टीमों ने हिस्सा लिया। इस इवेंट में करीब 500 रोबोट्स ने टेबल टेनिस, फुटबॉल, बॉक्सिंग और एथलैटिक्स के कई गेम्स खेले जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी जुटे। वहीं ये आयोजन करीब 4दिन चला और रविवार को इसका समापन हुआ।

दरअसल, दुनिया भर में रोबोट्स और आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस को लेकर उत्सुकता है। तेजी से रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और एआई का विकास हो रहा है। वहीं चीन ने इस मामले में भी छलांग लगाते हुए दुनिया को अचरज में डाल दिया है। चीन में हुए इस रोबोट ओलंपिक्स ने पूरी दुनिया को रोमांचित किया है। इस आयोजन को ह्यूमनॉयड रोबोट गेम्स नाम दिया गया है, जिसे रोबोट ओलंपिक्स भी कहा जा रहा है।

अक्सर फुटबॉल मैदान पर दिग्गज फुटबॉलर रोनाल्डो, मेसी, बेकहम जैसे खिलाड़ियों को गोल करते हुए देखा गया है। लेकिन इस बार चीन में रोबोट्स ने भी फुटबॉल मैच खेला। इस दौरान इनके दांव देखने वालों की भीड़ जमकर तालियां बजाती दिखीं।

# वैभव सूर्यवंशी को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल करें, पूर्व मुख्य चयनकर्ता ने किया समर्थन




**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत ने आगामी एशिया कप 2025 के लिए 14 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टीम में शामिल करने का सुझाव दिया है। श्रीकांत का मानना है कि जब असाधारण प्रतिभा और फॉर्म मौजूद हो, तो उम्र कोई बाधा नहीं बननी चाहिए।

अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति 19 अगस्त को मुंबई में बैठक करेगी जिसमें 9 से 28 सितंबर तक यूएई में होने वाले टी20 एशिया कप के लिए भारतीय टीम को अंतिम रूप दिया जाएगा। भारत का पहला मैच 10 सितंबर को है, इसलिए चयनकर्ता कुछ कठिन फैसले लेने की तैयारी में हैं जिनमें श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा और रियान पराग जैसे नाम शामिल हैं। इस बीच श्रीकांत द्वारा सूर्यवंशी को सीनियर टीम में जल्द ही शामिल करने के फैसले ने चयन प्रक्रिया को एक नया आयाम दिया है।

सूर्यवंशी ने 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में पदार्पण किया। सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक जड़कर IPL इतिहास में किसी भी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज शतक बनाया। उन्होंने अपनी इसी फॉर्म को भारत के अंडर-19 इंग्लैंड दौरे तक जारी रखा, जहां उन्होंने 5 मैचों में 355 रन बनाए जिसमें चौथे वनडे में 143 रन की पारी भी शामिल है।

श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'आपको निडर होकर खेलना होगा। उसे इंतजार मत करवाइए। उसे परिपक्व होने दीजिए जैसी बातें मत कहिए। वह पहले से ही उल्लेखनीय परिपक्वता के साथ खेल रहा है। उसकी शॉट-मेकिंग एक अलग ही स्तर की है। अगर मैं अध्यक्ष होता, तो मैं उसे अंतिम 15 में शामिल करता।'

# साउथ अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया: टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन का तोहफा, क्वेना मफाका-डेवाल्ड ब्रेविस वनडे टीम में शामिल

**केर्न्स (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में चमक बिखेरने वाले क्वेना मफाका और डेवाल्ड ब्रेविस को साउथ अफ्रीका की वनडे टीम में शामिल किया गया है। वनडे सीरीज की शुरुआत से पहले साउथ अफ्रीकी कप्तान टेंबा बावुमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,÷जब आप युवा खिलाड़ियों को देखते हैं, तो यह हमेशा रोमांचक होता है। जाहिर है कि ब्रेविस पर ही सभी की निगाहें हैं। वह अपना दमखम दिखा रहे हैं। अपनी क्षमता दिखा रहे हैं। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि वह वनडे में कितना कमाल दिखा सकते हैं।÷

19 वर्षीय तेज गेंदबाज क्वेना मफाका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में नौ विकेट अपने नाम किए थे। पहले मैच में उन्होंने 20 रन देकर चार विकेट हासिल किए। अगले मुकाबले में 57 रन देकर तीन शिकार किए। तीसरे मैच में मफाका ने 36




रन देकर दो विकेट चटकाए। वहीं, डेवाल्ड ब्रेविस ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने तीन पारियों में 90 की औसत के साथ 180 रन बनाए।

ब्रेविस सीरीज के पहले मैच में सिर्फ दो ही रन बना सके थे, जिसके बाद उन्होंने अगले मुकाबले में नाबाद 125 रन की पारी खेली। तीसरे और निर्णायक मैच में ब्रेविस के बल्ले से 53 रन निकले। अब दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को वनडे फॉर्मेट में डेब्यू का मौका मिला है। ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका के बीच 19 अगस्त से वनडे सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। पहला मैच केर्न्स में खेला जाना है, जिसके बाद 22 अगस्त को मैके में दूसरा वनडे मैच खेला जाएगा। सीरीज का तीसरा और अंतिम मुकाबला भी मैके में 24 अगस्त को आयोजित होगा।

वनडे सीरीज के लिए साउथ टीम÷ टेंबा बावुमा (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीत्जके, डेवाल्ड ब्रेविस, नंद्रे बर्गर, टोनी डी जोरजी, एडेन मार्करम, क्वेना मफाका, सेनुरन मुथुसामी, केशव महाराज, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, कगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और प्रेनेलन सुब्रायन।

# नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में डायमंड लीग 2025 फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

नई दिल्ली। मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने सिलेसिया चरण के बाद जारी नवीनतम स्टैंडिंग के अनुसार स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में होने वाली डायमंड लीग 2025 फाइनल में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया है।दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने सिलेसिया डायमंड लीग में भाग नहीं लिया था, लेकिन इस वर्ष दो डायमंड लीग मैचों में 15 अंक हासिल करने के साथ वह 27 और 28 अगस्त को स्विट्जरलैंड में होने वाले ग्रैंड फाइनल के लिए पहले ही स्थान बना चुके हैं।2025 डायमंड लीग चैंपियन का फैसला करने के लिए पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा 28 अगस्त को आयोजित की जाएगी।इस सीजन में अपने दो डायमंड लीग मुकाबलों में 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने पेरिस चरण में 88.16 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की, जबकि दोहा में उन्होंने 90.23 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता था।चोपड़ा और वेबर दोनों 15 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जबकि त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वाल्कॉट तीन स्पर्धाओं में 17 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं।2012 लंदन ओलंपिक चैंपियन वाल्कॉट सिलेसिया में 82.54 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे।दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा के भी ज्यूरिख में होने वाले ग्रैंड फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद है। नीरज चोपड़ा ने अभी तक ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है।

# बुमराह 24 कैरेट सोना है, उनके जैसा कोई गेंदबाज नही: पूर्व भारतीय क्रिकेटर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने जसप्रीत बुमराह का समर्थन किया है। बुमराह की हाल के दिनो में लगातार आलोचना हो रही है। बुमराह आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचो की टेस्ट सीरीज में खेले थे। जहा उन्होंने तीन मैच खेले। लेकिन अपने कार्यभार को नियंत्रित करने के लिए अंतिम मैच नही खेल पाए। उस समय भारत 1-2 से पिछड़ रहा था। ऐसे में उनकी अनुपस्थिति ने प्रशंसको और विशेषज्ञो के बीच व्यापक बहस छेड़ दी थी।

आकाश चोपड़ा ने आलोचको को इस तेज गेंदबाज पर अनावश्यक दबाव डालने के प्रति आगाह किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बुमराह एक दुर्लभ प्रतिभा है और उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें सावधानी से संभाला जाना चाहिए।उन्होंने कहा, 'बुमराह जैसा कोई गेंदबाज नही है। उन्हें जबरदस्ती जल्दी रिटायरमेंट के लिए मजबूर न करें क्योंकि वह 24 कैरेट शुद्ध सोना है। वह कोहिनूर हीरा है। वह जितना ज़्यादा खेलेंगे, उतना ही बेहतर होगा। मुझे नहीं लगता कि वह ज़्यादा टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे। लेकिन मैं कहूगा कि जब तक वह खेलने चाहे, तब तक खेलते रहे।'चोपड़ा ने आगे कहा, 'ईमानदारी से कहू तो मुझे नहीं लगता कि वह सभी टेस्ट मैच खेलेंगे। वह अपनी पसंद के हिसाब से खेलेंगे। सही है या गलत, यह कोई नैतिक बहस का विषय नही है। अगर आपके पास उस स्तर का कोई खिलाड़ी उपलब्ध है, तो उसे जब भी मौका मिले, खिलाए।'



# फिट और बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ही प्राथमिकता दें : मांजरेकर

मुम्बई ।पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अगर लगातार दो से अधिक मैच नहीं खेल सकते तो उन्हें मुख्य गेंदबाजी आक्रमण में जगह न देते हुए आराम दिना चाहिये। मांजरेकर के अनसार फिट और बेहतर प्रदर्शन करने के इच्छुक खिलाड़ियों को ही पहले प्राथमिकता दी जानी चाहिए ।इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि मेरे लिए, मैच फिट, उत्साही, और प्रदर्शन करने के इच्छुक खिलाड़ी पहले आते हैं और इन्हें बड़े खिलाड़ियों से पहले टीम में जगह देनी चाहिये। मांजरेकर ने ये बातें बुमराह के कार्यभार प्रबंधन के कारण टीम के लिए लगातार उपलब्धि न रहने को देखते हुए कही है। बुमराह हाल में समाप्त हुई एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी में केवल तीन मैच ही खेले ।ये भी संयोग रहा कि जिन मैचों में भी वह शामिल नहीं थे। उसमें टीम को जीत मिली। मांजरेकर ने इसी को लेकर कहा, 'खेल हमेशा हमें आईना दिखाएगा, चाहे हम चीजों को कितना भी बेहतर बताने का प्रयास करें ।भारत ने जिन दो टेस्ट मैचों में जीत हासिल की, वे दो मैच थे जिनमें बुमराह नहीं खेले इस सीरीज ने उन्हें और हमें भी एक बड़ा सबक सिखाया है, भारत ने जिन दो टेस्ट जीत हासिल कीं उसमें युवा खिलाड़ी ही शामिल थे। संजय ने आगे कहा, 'इस बार टीम में विराट कोहली , रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी नहीं थे। इसने हमें खेल ने बताया कि इसी तरह भारत को बुमराह को संभालना चाहिए। अगर वह लगातार दो से अधिक मैच नहीं खेल सकते या कभी–कभी एक से भी अधिक नहीं खेल सकते, तो उन्हें मुख्य टीम में नहीं होना चाहिए।'




# ईशान किशन दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर, आकाश दीप को आराम की सलाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन दलीप ट्रॉफी के पूर्वी क्षेत्र के पहले मैच से बाहर रहेंगे क्योंकि वह वर्तमान में यूके में नॉटिंघमशायर के साथ काउंटी क्रिकेट के दौरान लगी चोट से उबर रहे हैं। 28 नवंबर से शुरू होने वाले इस मुकाबले के लिए किशन की जगह पूर्वी क्षेत्र की टीम में ओडिशा के आशीर्वाद स्वैन को शामिल किया गया है। किशन को चोट के कारण कई टांके लगाने पड़े, यही वजह है कि उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले ऋषभ पंत की जगह नहीं चुना गया था, क्योंकि सुपरस्टार बल्लेबाज पैर की चोट के कारण बाहर हो गए थे। आखिरकार, ध्रुव जुरेल के बैकअप के रूप में तमिलनाडु के नारायण जगदीशन को उनकी जगह लिया गया।



किशन की चोट गंभीर नहीं है क्योंकि पूर्वी क्षेत्र के लिए अभियान के पहले मैच में न खेल पाना एहतियाती कदम है क्योंकि वह अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो चार दिवसीय मैच खेलने वाली भारत ए टीम में शामिल होने के लिए दौड़ में हो सकते हैं। किशन बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) में अपनी रिकवरी और मूल्यांकन जारी रखेंगे। कुमार कुशाग्र उनकी जगह पहली पसंद के विकेटकीपर के रूप में खेल सकते हैं।

इसके अलावा पूर्वी क्षेत्र को तेज गेंदबाज आकाश दीप की सेवाएं भी नहीं मिलेंगी क्योंकि उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उनकी चोट या अन्य परेशानी को लेकर कोई जानकारी नहीं है। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर जहां वह पीठ दर्द के कारण चौथे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे, उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 13 विकेट लिए थे, जिसमें बर्मिंघम में 10 विकेट भी शामिल है और उन्होंने ओवल में अंतिम टेस्ट मैच में एक शानदार अर्धशतक भी बनाया था। असम के मुख्तार हुसैन ने अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम में उनकी जगह ली है।

ईस्ट जोन अपने अभियान की शुरुआत शुभमन गिल की अगुवाई वाले नॉर्थ जोन के खिलाफ स्टेडियम में करेगा। रियान पराग, ईश्वरन को उप-कप्तान के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। टीम में मोहम्मद शमी भी शामिल हैं, जिन्होंने पिछले दो सालों में सिर्फ एक प्रथम श्रेणी मैच खेला है और मुकेश कुमार भी।

### दलीप ट्रॉफी के पहले मैच के लिए ईस्ट जोन की टीम

अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), आशीर्वाद स्वैन (विकेट कीपर), संदीप पटनायक, विराट सिंह, दानिश दास, श्रीदम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेट कीपर), रियान पराग (उप-कप्तान), उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जायसवाल, मुकेश कुमार, मुख्तार हुसैन और मोहम्मद शमी।


## सिनसिनाटी ओपन : मेक्टिक–राजीव ने जीता मेंस डबल्स खिताब, डाब्रोव्स्की–राउटलिफ ने विमेंस डबल्स में मारी बाजी

सिनसिनाटी ।सिनसिनाटी ओपन के मेंस डबल्स में निकोला मेक्टिक–राजीव राम ने लोरेंजो मुसेट्टी–लोरेंजो सोनेगो को शिकस्त देकर बतौर जोड़ी अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीत लिया है। साल के अपने तीसरे ही इवेंट में एक साथ अपना पहला टूर–स्तरीय फाइनल खेलते हुए मेकटिक–राम की जोड़ी ने 90 मिनट तक चले मुकाबले में इतालवी जोड़ी को 4–6, 6–3, 10–5 से शिकस्त देकर बतौर टीम अपनी पहली ट्रॉफी जीती।41 साल 4 महीने की उम्र में राजीव राम सिनसिनाटी में ओपन एरा के दूसरे सबसे उम्रदराज मेंस डबल्स चैंपियन बन गए हैं।इस मामले में उनसे आगे 42 वर्षीय डेनियल नेस्टर हैं, जिन्होंने 2015 में एडवर्ड रोजर–वेसलिन के साथ यह खिताब जीता था।फाइनल में पहुंचकर मेक्टिक उन चुनिंदा सक्रिय डबल्स खिलाड़ियों में शामिल हो गए, जिन्होंने सभी नौ एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट्स फाइनल खेले।उनसे पहले यह उपलब्धि सिर्फ रोहन बोपन्ना और माटे पाविक के नाम थी।वहीं दूसरी ओर, विमेंस डबल्स फाइनल में गैब्रिएला डाब्रोव्स्की–एरिन राउटलिफ ने गुओ हान्यू–एलेक्जेंड्रा पानोवा को 6–4, 6–3 से शिकस्त देकर बतौर जोड़ी अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीत लिया।सिनसिनाटी की यह जीत इस सीजन उनका दूसरा और बतौर जोड़ी कुल छठा खिताब है।इस जीत के बाद डब्ल्यूटीए डबल्स रैंकिंग में राउटलिफ सातवें नंबर पर बनी रहेंगी।वहीं, डाब्रोव्स्की पांच स्थान की छलांग लगाकर नंबर 8 पर पहुंच जाएंगी।डाब्रोव्स्की–राउटलिफ ने दो साल पहले मॉन्ट्रियल में पहली बार जोड़ी बनाई थी, जिसके बाद दोनों ने मिलकर पांच खिताब जीते।इनमें यूएस ओपन और डब्ल्यूटीए फाइनल शामिल हैं।इस दौरान जोड़ी ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी हासिल की।यह सिनसिनाटी में राउटलिफ का लगातार दूसरा खिताब है।



# सैंटोस की करारी हार से टूटे स्टार फुटबॉलर नेमार, बीच मैदान पर फूट–फूटकर रोने लगे

ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार को अपने पेशेवर क्लब करियर की सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी जिसके बाद वो टूट गए।इस दौरान वह फूट–फूटकर रोते दिखे।सैंटोस को ब्राजीलियन सेरी ए मैच में वास्को दा गामा के हाथों 0–6 से हार झेलनी पड़ी।दूसरे हाफ में 6 में से 5 गोल दागे जाने के बाद सदमे में डूबे नेमार फुल टाइम के बाद रोते दिखे। इस जीत के साथ 16वें स्थान पर काबिज वास्को दा गामा का सैंटोस से दो अंक पीछे 19 अंक रह गया।दोनों क्लब चार टीमों वाले रीलोगेशन जोन से बस थोड़ा आगे थे।लुकास पिटोन के शुरुआती गोल के बाद लिवरपूल और बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड कॉटिन्हो ने दूसरे हाफ में वास्को के लिए दो गोल किए। डेविड कोरेया डी फोंसेका, रेयान और डैनिलो नेवेस के गोल ने बेहतरी स्कोरलाइन को और मजबूत किया।नेमार को सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य और वास्को दा गामा के मुख्य कोच फर्नांडो डिनिज ने सांत्वना दी जब वह ड्रेसिंग रूम की ओर वापस लौट रहे थे। सैंटोस ने परिणाम पर अपनी नाराजगी व्यक्त की और मैदान की ओर पीठ करके विरोध जताया। इस अपमानजनक हार के परिणामस्वरूप मुख्य कोच क्लेबर जेवियर को तत्काल बर्खास्त कर दिया गया। इस दौरान नेमार ने कहा कि, मुझे शर्म आ रही है।मैं हमारे प्रदर्शन से पूरी तरह निराश हूं।फैंस को विरोध करने का पूरा अधिकार है जाहिर है बिना हिंसा के... लेकिन अगर वे गाली देना और अपमान करना चाहते हैं तो उन्हें पूरा हक है। नेमार ने आगे कहा कि, ये बेहद शर्मिंदगी का एहसास है।मैंने जिंदगी में ऐसा पहले कभी नहीं देखा।बदकिस्मती से ऐसा हुआ।आंसू गुस्से से थे।बदकिस्मती से मैं किसी भी तरह से मदद नहीं कर सकता।खैर ये पूरी तरह से बकवास था।यही सच्चाई है।जले पर नमक छिड़कते हुए नेमार को इस सत्र का तीसरा येलो कार्ड भी मिला।इससे वह बहियो खिलाफ अगले मैच से बाहर हो गए।




# कपिल बैंसला ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा के पलवल के कपिल बैंसला ने कजाकिस्तान के श्यामकेंट में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप राइफल/ पिस्टल/ शॉटगन में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष जूनियर फाइनल में 243.0 का स्कोर बनाया और उज्बेकिस्तान के इल्खोमबेक ओबिदजोनोव को 0.6 अंक से पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर रहे।

कपिल के हमवतन जोनाथन गेविन एंटनी ने 220.7 अंक बनाकर कांस्य पदक जीता, लेकिन 24 शॉट के फाइनल में 22वें शॉट के बाद बाहर हो गए। इससे पहले कपिल ने क्वालीफिकेशन में 579 अंक बनाकर चौथा स्थान हासिल किया था और जोनाथन के साथ शीर्ष आठ में जगह बनाई थी। जोनाथन 582 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। मुकेश नेलावली जोनाथन से केवल दो इनर 10 अंक कम थे और तीसरे स्थान पर रहे।

इस तरह फाइनल में तीन भारतीय खिलाड़ी पहुंच गए। कोरियाई खिलाड़ी किम डूयोन ने भी 582 अंक हासिल करके शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन जोनाथन की तुलना में आंतरिक 10-रिंग में कम से कम छह शॉट ज्यादा लगाए। इल्खोमबेक फाइनल में सबसे तेज रहे, कपिल लगातार उनका पीछा करते रहे और फिर 15वें शॉट के बाद पहली बार उनसे आगे निकल गए। उज्बेक खिलाड़ी ने 20वें शॉट के बाद बढ़त हासिल कर ली और अंतिम दो में कपिल से पूरे एक अंक आगे थे।

इसके बाद युवा भारतीय खिलाड़ी ने 10.8 और 10.6 अंक हासिल किए जबकि इल्खोमबेक ने 10.4 अंक हासिल करने के बाद 23वें शॉट में 9.4 अंक हासिल किए और कपिल को खिताब दिला दिया। कपिल और जोनाथन ने विजय तोमर के साथ मिलकर कुल 1723 अंक हासिल करके इस स्पर्धा का टीम रजत पदक जीता। कोरिया ने 1734 अंक के साथ स्वर्ण और मेज़बान कजाकिस्तान ने कांस्य पदक जीता।

सीनियर पुरुष वर्ग के फाइनल में एकमात्र भारतीय अनमोल जैन 155.1 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे। चीन के हू काई ने स्वर्ण पदक जीता जबकि चीन ने इस स्पर्धा में टीम स्पर्धा का स्वर्ण भी जीता। अनमोल ने आदित्य मालरा और सौरभ चौधरी के साथ मिलकर 1735 अंकों के संयुक्त प्रयास से टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता। इस प्रकार भारत ने पहले दिन का अंत एक स्वर्ण और दो रजत पदक के साथ किया, जबकि दूसरे दिन मंगलवार को महिला और जूनियर महिला एयर पिस्टल के फ़ाइनल निर्धारित समय पर खेले जाने थे।



# डब्ल्यूडब्लयूई चैम्पियन लोगन पॉल की नेटवर्थ करोड़ों में पहुंची

सेन डियागो ।मॉडल नीना अगडल से शादी करने वाले डब्ल्यूडब्लयूई के अमेरिकी चैम्पियन लोगन पॉल करोड़ों की संपत्ति के भी मालिक हैं।लोगन ने रेसलर के साथ ही यूट्यूबर के तौर पर भी काम करके मोटी कमाई की है।उनकी नेटवर्थ करोड़ों में पहुंच गयी है। लोगन डब्ल्यूडब्लयूई के अलावा प्राइम हाइड्रेशन, यूट्यूब चैनल और स्पॉन्सरशिप से से भी कमाई करते हैं। उनकी कुल संपत्ति लगभग 150 मिलियन डॉलर है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, यूट्यूब से उनकी अनुमानित मासिक आय 300,000 डॉलर से 600,000 डॉलर के बीच है।वह 2017, 2018 और 2021 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले यूट्यूबर भी थे।उनका पॉडकास्ट भी बहुत लोकप्रिय है। वह अक्सर पॉडकास्ट पर डब्ल्यूडब्लयूई के आंकड़े पेश करते हैं, जिससे भी इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है।इसके अलावा, उनके पास अलग–अलग प्लेटफॉर्म पर 90 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जिससे उन्हें कमाई करने और स्पॉन्सरशिप डील हासिल करने में सहायता मिलती है।एक अनुमान के अनुसार वह वह प्रायोजकों से किये करार से हर महीने 150,000 डॉलर से 300,000 डॉलर कमाते हैं।



# फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु में शुरू किया आईफोन-17 का उत्पादन

## - भारत में बढ़ रहा ऐपल का निवेश

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऐपल को भारत में प्रोडक्शन बंद करने के निर्देश के बावजूद कंपनी ने भारत में उत्पादन बढ़ाने का कदम उठाया है। ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु के देवनहल्ली में अपने नए कारखाने में आईफोन-17 की मैन्युफैक्चरिंग शुरू कर दी है। यह फॉक्सकॉन का चीन के बाहर दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र है, जिसमें लगभग 2.8 अरब डॉलर (लगभग 25,000 करोड़ रुपये) का निवेश किया गया है। फिलहाल इस कारखाने में आईफोन-17 का उत्पादन छोटे पैमाने पर चल रहा है। फॉक्सकॉन चेन्नई में भी आईफोन-17 बना रहा है। आईफोन-17 के उत्पादन में थोड़ी बाधा तब आई जब कई चीनी इंजीनियर अचानक भारत से लौट गए, लेकिन फॉक्सकॉन ने ताइवान समेत अन्य देशों से विशेषज्ञ बुलाकर इस कमी को पूरा कर लिया है। ऐपल की योजना इस साल भारत में आईफोन उत्पादन को छह करोड़ यूनिट तक बढ़ाने की है, जो पिछले वित्त वर्ष में लगभग 3.5 से 4 करोड़ यूनिट था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में ऐपल ने लगभग 22 अरब डॉलर के आईफोन असेंबल किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 60 फीसदी अधिक हैं। ऐपल के सीईओ टिम कुक ने भी कहा है कि जून 2025 तिमाही में अमेरिका में बिकने वाले अधिकांश



आईफोन भारत से आयातित होंगे। दूसरी तिमाही में ऐपल की भारत में आपूर्ति 19.7 फीसदी बढ़ी है और कंपनी की भारतीय स्मार्टफोन बाजार में हिस्सेदारी 7.5 फीसदी पहुंच गई है। इस बीच, भारतीय स्मार्टफोन बाजार में चीनी कंपनी वीवो 19 फीसदी हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है।

# भारतीय कंपनियों ने बढ़ाया इक्विटी और बॉन्ड से फंड जुटाने का रुख

*कर्ज घटकर कंपनियों की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई*

**नई दिल्ली ।**

भारत की कंपनियां अब बैंक कर्ज से दूरी बनाकर इक्विटी और बॉन्ड जैसे वैकल्पिक वित्तीय स्रोतों की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में 100 आधार अंक की कटौती के बाद कंपनियों के लिए दीर्घकालिक ऋण पूंजी बाजार से सस्ता और सुगम हो गया है। इसका प्रभाव कंपनियों की बैलेंस शीट में भी साफ दिख रहा है, जहां कर्ज घटकर कंपनियों की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2025 में भारत के उद्योग जगत ने क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से 42,000 करोड़ रुपये से अधिक धन जुटाया। इसी अवधि में कंपनियों ने बड़े सौदों के जरिए 1.07 लाख करोड़ रुपये की फंडिंग हासिल की। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में कंपनियों ने बॉन्ड बाजार से 4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा जुटाकर इतिहास रचा है। यह पिछले वर्ष की



समान अवधि में जुटाए गए 2.11 लाख करोड़ रुपये से दोगुना से अधिक है। आईसीआईसीआई बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनियों के पास अब फंड जुटाने के कई विकल्प मौजूद हैं। आंतरिक संसाधन प्राथमिक स्रोत हैं, इसके बाद इक्विटी और बॉन्ड बाजार हैं। बैंक ऋण भी विकल्प के रूप में उपलब्ध है, लेकिन बेहतर रेटिंग वाली कंपनियां अपनी फंडिंग को व्यापक बनाने के लिए इन सभी स्रोतों का उपयोग कर रही हैं।

# चीन का शेयर बाजारः निवेशकों के लिए चुनौती और बचत की बढ़ती प्रवृत्ति

## - चीन के शेयर बाजार में निवेशकों को अपेक्षित रिटर्न नहीं मिल रहा है, जिससे वे बचा रहे पैसा

**नई दिल्ली।**

चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद, वहां के लोग खर्च करने के बजाय अधिक बचत कर रहे हैं। इसका प्रमुख कारण चीन का कमजोर और अनिश्चित शेयर बाजार है। पिछले दशक में चीन के शेयर बाजार में कई उतार-चढ़ाव आए हैं, खासकर 10 साल पहले एक बड़ा बुलबुला फटना, जिसने निवेशकों को भारी नुकसान पहुंचाया। तब से बाजार अब भी उस स्तर पर नहीं पहुंच पाया है, जिससे लोगों का निवेश पर भरोसा कम हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार अगर किसी निवेशक ने 10 साल पहले अमेरिका के एसएंडपी 500 इंडेक्स में 10,000 डॉलर लगाए होते, तो आज उसकी रकम तीन गुना से अधिक हो गई होती। वहीं, चीन के सीएसआई 300 बेंचमार्क में इतनी ही रकम लगाने पर निवेशक को केवल 3,000 डॉलर का लाभ हुआ होगा। यह दर्शाता है कि चीन के शेयर बाजार में निवेशकों को अपेक्षित रिटर्न नहीं मिल रहा है, जिससे वे खर्च करने की बजाय पैसे बचाने में लगे हैं। चीन के शेयर बाजार की संरचना भी इसकी समस्या को



बढ़ा रही है। करीब 35 साल पहले इस बाजार को मुख्य रूप से सरकारी परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाने के लिए बनाया गया था, न कि निवेशकों को लाभ देने के लिए। इस वजह से बाजार में शेयरों की अधिकता और अनुचित व्यापार प्रथाएं आम हो गईं, जो आज भी 11 ट्रिलियन डॉलर के बाजार पर असर डाल रही हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग घरेलू खर्च बढ़ाकर 5 फीसदी की आर्थिक विकास दर हासिल करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें शेयर बाजार में सुधार और निवेशकों का विश्वास बहाल करना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन का पूंजी बाजार निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है, जबकि फाइनेंसर्स को लाभ पहुंचाया है। इस खराब आर्थिक माहौल में चीन की बचत दर 35 फीसदी तक पहुंच गई है, जो कि डिस्पोजेबल इनकम का बड़ा हिस्सा है। इस स्थिति को बदलना आसान नहीं होगा, क्योंकि आर्थिक अनिश्चितता और बाजार की कमजोर स्थिति लोगों को खर्च करने के बजाय बचाने पर मजबूर करती है।

# दिल्ली एयरपोर्ट दुनिया के चुनिंदा 6 एयरपोर्ट्स में शामिल हुआ

## - सालाना क्षमता 109 मिलियन यात्रियों तक पहुंची




**नई दिल्ली ।**

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) के तहत संचालित दिल्ली एयरपोर्ट ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मई 2023 में टर्मिनल-1 के पूरी तरह से चालू होने के बाद, दिल्ली एयरपोर्ट की यात्री क्षमता 109 मिलियन (10.9 करोड़) तक पहुंच गई है। इस उपलब्धि के साथ यह एयरपोर्ट एशिया का दूसरा और भारत का अकेला ऐसा हवाई अड्डा बन गया है, जो सालाना 100 मिलियन से अधिक यात्रियों को संभाल सकता है। इससे पहले इस क्लब में केवल टोक्यो हानेडा एयरपोर्ट ही शामिल था। सरकार यदि टर्मिनल-2 के पुनर्निर्माण और आधुनिकीकरण को मंजूरी देती है, तो दिल्ली एयरपोर्ट की कुल क्षमता 140 मिलियन यात्रियों तक बढ़ सकती है।

फिलहाल यह प्रस्ताव विचाराधीन है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के इस साल नवंबर तक शुरू होने की उम्मीद है। इसकी शुरुआती क्षमता सालाना 12 मिलियन यात्रियों की होगी, जो दिल्ली एयरपोर्ट पर बढ़ते दबाव को कम करने में मदद करेगा। 2024 में दिल्ली एयरपोर्ट ने 80 मिलियन से अधिक यात्रियों को सफलतापूर्वक संभाला है। वैश्विक स्तर पर देखें तो ऐसे एयरपोर्ट जिनकी क्षमता 100 मिलियन से ऊपर है, उनमें अटलांटा (125.48 मिलियन), दुबई (120 मिलियन), टोक्यो हानेडा (110 मिलियन), लंदन हीथ्रो (103 मिलियन) और डलास (102.9 मिलियन) शामिल हैं। एयरपोर्ट्स के बीच प्रतिस्पर्धा तेज़ हो रही है। इस्तांबुल एयरपोर्ट की क्षमता इस साल के अंत तक 120 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है, जबकि सऊदी अरब का किंग सलमान इंटरनेशनल एयरपोर्ट 2030 तक 120 मिलियन और 2050 तक 185 मिलियन यात्रियों की सेवा देने का लक्ष्य रखता है। इस तेजी से बढ़ती क्षमता से वैश्विक हवाई यात्रा का नया युग दिख रहा है।

# डेटा सुरक्षा और नवाचार के लिए भारत को स्वदेशी यूपीआई एप की जरूरतः एसबीआई

**नई दिल्ली।**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के यूपीआई भुगतान क्षेत्र में फिलहाल कुछ बड़े तीसरे पक्ष एप्लिकेशन का प्रभुत्व है, जिनमें फोनपे, गूगल पे और पेटीएम शीर्ष स्थान पर हैं। जूलाई 2025 के आंकड़ों के अनुसार, फोनपे ने 8931 मिलियन लेनदेन और 12,20,141 करोड़ रुपये के मूल्य के लेनदेन किए हैं। इसके बाद गूगल पे ने 692.3 करोड़ लेनदेन और 8,91,297 करोड़ रुपये के लेनदेन किए, जबकि पेटीएम ने 136.6 करोड़ लेनदेन और 1,43,651 करोड़ रुपये के लेनदेन दर्ज किए। एसबीआई रिपोर्ट में बताया गया है कि इन प्रमुख प्लेटफार्मों पर विदेशी स्वामित्व या प्रभाव मौजूद है, जिससे यूपीआई डेटा कुछ बड़े खिलाड़ियों के पास केंद्रित हो गया है। इस स्थिति में देश के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए यह जरूरी है कि एक घरेलू, काउंटर इंट्यूटिव यूपीआई ऐप विकसित किया जाए, जो न केवल लेनदेन डेटा की सुरक्षा को सुनिश्चित करे, बल्कि फिनटेक नवाचार को भी भारत की जरूरतों और प्राथमिकताओं के अनुरूप बनाए। रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि घरेलू यूपीआई ऐप की मौजूदगी से भारत को विदेशी प्रभाव से मुक्त होकर वित्तीय डेटा पर अधिक नियंत्रण मिलेगा। इससे देश की डिजिटल




भुगतान प्रणाली की मजबूती के साथ-साथ वित्तीय स्वायत्तता भी बढ़ेगी। इसके अलावा, यह कदम भारतीय स्टार्टअप्स और फिनटेक कंपनियों को भी प्रोत्साहन देगा और नवाचार को बढ़ावा देगा।

## रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया 20 पैसे की तेजी के साथ ही 87.37 रुपये पर बंद हुआ। वहीं पिछले कारोबारी दिन रुपया 87.57 पर बंद हुआ था। आज सुबह



रुपया तेजी और निवेशकों की सकारात्मक धारणा के चलते अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 20 पैसे की मजबूती के साथ 87.39 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 87.46 पर खुला और फिर 87.39 के स्तर पर पहुंचा, ये पिछले सत्र के बंद स्तर 87.59 से 20 पैसे ऊपर है। शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मुद्रा और शेयर बाजार बंद थे। कारोबारियों के अनुसार भारत और अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच बाजार सहभागियों ने सतर्क रुख अपनाया है। डॉलर सूचकांक जो छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाता है, 0.01 फीससदी की हल्की बढ़त के साथ 97.86 पर बंद हुआ।



## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में स्थिरता जारी

**नई दिल्ली ।** देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में सोमवार को भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने 18 अगस्त को भी दरों को यथावत बनाए रखा है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 104.72 और डीजल 90.21 रुपए प्रति लीटर पर बनी हुई है। लंबे समय से यहां सौ रुपए से अधिक पेट्रोल खरीदना आम लोगों की जेब पर भारी पड़ रहा है। देश के अन्य प्रमुख शहरों में भी स्थिति लगभग समान है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 और डीजल 92.15, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 और डीजल 90.76 प्रति लीटर है। वहीं लखनऊ में पेट्रोल 94.69 और डीजल 87.80 लीटर बिक रहा है। इंदौर में पेट्रोल 106.48 प्रति लीटर की ऊंचाई पर पहुंच गया है। गौरतलब है कि मार्च 2024 के बाद से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में किसी बड़े बदलाव की घोषणा नहीं की गई है। हालांकि, इस बीच कभी-कभार 1-2 रुपए प्रति लीटर का मामूली उतार-चढ़ाव जरूर देखा गया। तेल कंपनियां प्रतिदिन सुबह 6 बजे नई कीमतें अपडेट करती हैं, लेकिन पिछले कई महीनों से उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल पाई है।

## समतल इस्पात पर सुरक्षा शुल्क की सिफारिश सराहनीय कदम-आईएसए

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय के व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने कुछ समतल इस्पात उत्पादों के आयात पर तीन वर्षों के लिए 12 फीसदी सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश की है। इसका उद्देश्य अचानक आयात वृद्धि से घरेलू उत्पादकों की रक्षा करना है। भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के अध्यक्ष ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती देगा और घरेलू इस्पात उद्योग को संरक्षण प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही प्रस्तावित शुल्क वैश्विक मानकों से कम हो, लेकिन इससे यह संकेत मिलता है कि सरकार स्थानीय उद्योगों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने न्यूनतम आयात मूल्य जैसी नीतियों को भी उद्योग के लिए एक सकारात्मक सुरक्षा जाल बताया।

## मणप्पुरम फाइनेंस और टाइटन शेयरों में आई मजबूती




**नई दिल्ली ।** एंजेल वन के एक सीनियर टेक्निकल और डेरिवेटिव एनालिस्ट के अनुसार मणप्पुरम फाइनेंस ने हाल के हफ्तों में जोरदार रिकवरी दिखाई है। इस स्टॉक ने डेली चार्ट पर सभी प्रमुख ईएमए को पार कर लिया है और ब्रेकआउट की नेकलाइन तक लौटकर फिर से तेजी पकड़ता दिख रहा है। पॉजिटिव क्रॉसओवर, मोमेंटम इंडिकेटर्स का सपोर्ट और बढ़ा हुआ वॉल्यूम इस तेजी को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। कृष्णन ने निवेशकों को सलाह दी है कि वे मणप्पुरम फाइनेंस को 264 से 260 के स्तर पर खरीद सकते हैं। स्टॉप लॉस 245 रखा जाना चाहिए, जबकि टारगेट प्राइस 294 से 300 रूपए तक निर्धारित है। वहीं टाइटन के शेयरों में भी हाल ही में अच्छी तेजी देखने को मिली है। इस स्टॉक ने डेली चार्ट पर 'डबल बॉटम' जैसा पैटर्न बनाकर मजबूती का संकेत दिया है। टाइटन 20 डेमा के ऊपर कारोबार कर रहा है और इसका ट्रेंड बुलिश बना हुआ है। डेली चार्ट पर हायर लो फॉर्मेशन और पॉजिटिव क्रॉसओवर तकनीकी रूप से तेजी का समर्थन कर रहे हैं। सुपर ट्रेंड इंडिकेटर भी हाल के उछाल के बाद बुलिश सिग्नल दे रहा है।

## सेबी की निपटान याचिकाओं में बड़ी वृद्धि, 798 करोड़ का शुल्क वसूला

### - पिछले वर्ष के 434 आवेदनों की तुलना में 62 फीसदी अधिक




**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 में बाजार नियामक सेबी को प्रतिभूति नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामलों में 703 निपटान याचिकाएं प्राप्त हुईं, जो पिछले वर्ष के 434 आवेदनों की तुलना में 62 फीसदी अधिक हैं। यह वृद्धि दर्शाती है कि बाजार सहभागियों में लंबी कानूनी प्रक्रिया से बचते हुए विवाद सुलझाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। सेबी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार प्राप्त याचिकाओं में से 284 मामलों का निपटारा किया गया, जबकि 272 याचिकाएं वापस ली गईं, अस्वीकृत की गईं या लौटा दी गईं। निपटाए गए मामलों से सेबी ने 798 करोड़ रुपये निपटान शुल्क और 65 करोड़ रुपये वसूली शुल्क के रूप में प्राप्त किए। निपटान आदेश मुख्य रूप से भेदिया व्यापार, धोखाधड़ीपूर्ण व्यवहार, वैकल्पिक निवेश कोष, म्यूचुअल फंड और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर जारी किए गए। सेबी का निपटान तंत्र पक्षकारों को कुछ शर्तों और शुल्क के साथ मामले समाप्त करने का विकल्प देता है, जिससे मुकदमेबाजी से बचा जा सकता है। साथ ही 2024-25 में प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) में सेबी से जुड़े 533 नई अपीलें दायर की गईं, जो पिछले वर्ष की 821 अपीलों की तुलना में कम हैं। इनमें से लगभग 62 फीसदी अपीलें धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध विनियम, 2003 के उल्लंघन से जुड़ी थीं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 676 , निफ्टी 245 अंक ऊपर आया

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 676.09 अंकों की बढ़त के साथ ही 81,273.75 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 245.65 अंकों की बढ़त के साथ ही 24,876.95 अंकों पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ही बंद हुए। वहीं शेष सभी 10 कंपनियों के शेयर नीचे आये। इसी प्रकार निफ्टी 50 की 50 में से 38 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ऊपर आकर बंद हुए जबकि 12 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल मारुति सुजुकी के शेयर सबसे ज्यादा 8.94 फीसदी बढ़े। वहीं आईटीसी के शेयर आज सबसे ज्यादा 1.26 फीसदी गिरे।

आज सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में बजाज




फाइनेंस के शेयर 5.02 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 3.71 फीसदी, बजाज फिनसर्व 3.70 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.54 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 3.46 फीसदी, ट्रेंट 2.82 फीसदी, एशियन पेंट्स 2.29 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 2.08 फीसदी, टाइटन 1.86 फीसदीकी बढ़त के साथ बंद हुए।

दूसरी ओर, सोमवार को एलएंडटी के शेयरों में 1.18 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.02 फीसदी, एनटीपीसी 0.91 फीसदी, इंफोसिस 0.82 फीसदी, बीईएल 0.62 फीसदी, सनफार्मा 0.62 फीसदी की गिरावट रही।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 700 अंक से ज्यादा की उछाल के साथ 81,315 पर खुला और । इसी तरह एनएसई का निफ्टी50 भी 315.85 अंक की बढ़त के साथ 24,947 पर कारोबार करता दिखा। बाजार में यह तेजी ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, फाइनेंशियल सर्विसेज और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी के चलते देखी गई। आज एशियाई बाजारों में जापान और ताइवान के शेयरों में तेजी रही। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.7 फीसदी ऊपर कारोबार कर रहा था। हांगकांग का हैंगसेंग 0.45 फीसदी ऊपर रहा। जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 1.23 फीसदी नीचे रहा। वहीं, अमेरिकी शेयर बाजारों में शुक्रवार को गिरावट दर्ज की गई थी।

# भारत में इस्पात संयंत्र स्थापित करेंगे जेएसडब्ल्यू स्टील और पॉस्को

## – 60 लाख टन प्रति वर्ष (6 एमटीपीए) की क्षमता प्रस्तावित

**नई दिल्ली ।**

भारतीय इस्पात कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील और दक्षिण कोरिया की अग्रणी इस्पात निर्माता कंपनी पॉस्को ने भारत में 60 लाख टन प्रति वर्ष (6 एमटीपीए) क्षमता वाला एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित करने की संभावनाओं का अध्ययन करने के लिए एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता पिछले वर्ष अक्टूबर में किए गए समझौते की अगली कड़ी है। दोनों कंपनियां अब संयंत्र के स्थान चयन, निवेश शर्तें, संसाधन उपलब्धता और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार करेंगी। संभावित स्थान के रूप में ओडिशा को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां प्राकृतिक संसाधनों और संभार-तंत्र की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत में एक वैश्विक स्तर का प्रतिस्पर्धी विनिर्माण केंद्र स्थापित करना है, जो घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों की मांग को पूरा करेगा। प्रस्तावित संयंत्र 50:50 संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित किया जाएगा। मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें पॉस्को होल्डिंग्स के अध्यक्ष ली जू-ताई और जेएसडब्ल्यू स्टील के सीईओ जयंत आचार्य उपस्थित थे। जयंत आचार्य ने इसे जेएसडब्ल्यू की निष्पादन क्षमता और पॉस्को की तकनीकी विशेषज्ञता का संयोजन बताया।




वहीं ली जू-ताई ने भारत को वैश्विक इस्पात मांग का भविष्य बताया और इस साझेदारी को दीर्घकालिक मूल्य सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम करार दिया।

## सेबी करेगा मार्जिन ट्रेडिंग और एंजल फंड्स नियमों की व्यापक समीक्षा

**मुंबई ।**

सेबी वित्तीय बाजारों में पारदर्शिता और जोखिम प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए मार्जिन ट्रेडिंग फंडिंग (एमटीएफ) के तहत मार्जिन फ्रेमवर्क की समीक्षा करने जा रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में सेबी ने कहा कि वर्तमान मार्जिनिंग नियमों की व्यापक समीक्षा जारी है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य क्लीयरिंग कॉरपोरेशनों में जोखिम प्रबंधन को और प्रभावी बनाना है। मार्जिन ट्रेडिंग के तहत निवेशक बिना पूरी राशि दिए शेयर खरीद सकते हैं, जहां वे केवल कुछ प्रतिशत का भुगतान करते हैं और बाकी रकम मार्जिन या गिरवी रखे शेयरों से कवर होती है। साथ ही, सेबी एमटीएफ के तहत पात्र शेयरों की सूची की भी समीक्षा कर रहा है। इसके अलावा, सेबी एंजल फंड्स के नियामक ढांचे में बदलाव पर भी विचार कर रहा है। इस समीक्षा का मकसद फंड रेजिंग, निवेश की शर्तों और संचालन से जुड़े नियमों को आसान और व्यवस्थित बनाना है, ताकि स्टार्टअप्स को निवेश उपलब्ध कराने में सहायता मिल सके। एंजल फंड्स स्टार्टअप्स के लिए एक महत्वपूर्ण फंडिंग स्रोत हैं।



# 'सैयारा' में कम स्क्रीन प्रेजेंस पर शाद रंधावा ने दिया रिएक्शन

मोहित सूरी की फिल्म सैयारा में एक्टर शाद रंधावा ने रॉकस्टार प्रिंस का किरदार निभाया है। वह मोहित सूरी की लगभग हर फिल्म में नजर आते हैं। हाल ही में बातचीत के दौरान शाद ने मोहित सूरी के साथ अपने रिश्ते को लेकर बात की।

**फिल्म सैयारा में आपकी स्क्रीन प्रेजेंस भले ही कम है, लेकिन आपका किरदार बेहद दमदार है। इसके लिए आपने क्या तैयारी की?**

मैं पहले से ही कुछ अलग करने की कोशिश कर रहा था। उसी दौरान निर्देशक मोहित सूरी ने मेरी मेहनत और लगन को नोटिस किया। शायद उन्होंने मेरी कुछ तस्वीरें यशराज फिल्म्स की कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा जी को भेजीं। इसके बाद शानू जी का मेरे पास कॉल आया और उन्होंने मुझे इस रोल के बारे में बताया। इसके बाद हमने वर्कशॉप्स कीं, किरदार को समझा और उसके लिए तैयारी की। जब सबको लगा कि मैं इस किरदार के लिए ठीक हूं, तब जाकर मुझे यह रोल मिला। इस किरदार से जुड़ी एक दिलचस्प बात यह थी कि हम अलग-अलग लुक्स ट्राय कर रहे थे। एक समय ऐसा भी आया जब हमने 'रॉकस्टार' जैसी लंबे बालों वाली स्टाइल पर विचार किया। लेकिन जब हम मेकअप रूम में उस लुक की टेस्टिंग कर रहे थे, तभी मोहित सर आए और बोले कि यह लुक जम नहीं रहा। फिर हमने कॉर्नर हेयरस्टाइल ट्राय की और वो सबको पसंद आ गई। अंत में वही लुक फाइनल हुआ।

**क्या आपने मोहित सूरी से कभी कहा कि फिल्म सैयारा में आपकी स्क्रीन प्रेजेंस और ज्यादा होनी चाहिए थी?**

देखिए, इस तरह की बातें तो अक्सर हर एक्टर और डायरेक्टर के बीच होती रहती हैं। हर एक्टर को लगता है कि उसका रोल थोड़ा और बड़ा होना चाहिए था। कभी लगता है कि कोई सीन कट कर दिया गया जो फिल्म में रह सकता था। मैं मोहित सूरी का दोस्त हूं, लेकिन ऐसा नहीं है कि मैं इसलिए कुछ नहीं कहता। ये बातें हर एक्टर के मन में होती हैं और डायरेक्टर से शेयर भी की जाती हैं। मगर एक पॉजिटिव तरीके से बिना किसी झगड़े के। असल में, सेट पर भले ही कुछ मतभेद हो जाएं, लेकिन जैसे ही हम सेट से बाहर आते हैं, सारी शिकायतें भूलकर फिर से दोस्त बन जाते हैं।



# 'एक चतुर नार' बनीं दिव्या खोसला की चालाकी में फंसेंगे नील

दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश की आगामी फिल्म 'एक चतुर नार' का टाइटल और फर्स्ट लुक आज जारी किया गया है। टाइटल और मोशन पोस्टर से फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा मालूम पड़ता है। फिल्म के पहले लुक के सामने आने के बाद अब दर्शक फिल्म को लेकर उत्साहित हैं।




## सब्जी काटती नजर आईं दिव्या

मेकर्स ने फिल्म के दो मोशन पोस्टर जारी किए हैं। एक पोस्टर में दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश एक टेबल के पास खड़े हैं। टेबल पर टमाटर और शिमला मिर्च समेत कुछ सब्जियां रखी हुई हैं। दिव्या गाजर को चाकू से काटते हुए कैमरे की तरफ चालाकी भरी नजरों से देख रही हैं। बगल में नील नितिन मुकेश थ्री पीस पहने हाथों में बंदूक लिए खड़े हैं। इस मोशन पोस्टर में पीछे कैलाश खेर की आवाज में कुछ लाइन्स भी फिल्म के टाइटल से जुड़ी सुनाई दे रही हैं।

एक दूसरा पोस्टर जारी किया गया है। इसमें दिव्या खोसला आंखों में काला चश्मा लगाए दिख रही हैं। जबकि उनकी चोटी नागिन के शेप में मुंह फैलाए हुए है और उस पर एक फ्लिप वाले फोन में नील नितिन मुकेश घबराए हुए नजर आ रहे हैं। इस मोशन पोस्टर में भी पीछे गाने की कुछ लाइन्स सुनाई दे रही हैं।

12 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म में नील और दिव्या एक दम अलग अवतार में दिखाई देंगे। टी-सीरीज द्वारा निर्मित इस फिल्म को उमेश शुक्ला ने निर्देशित किया है। 'एक चतुर नार' 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# फ्रेंचाइजी फिल्मों में काम करने पर खुद को लकी मानते हैं रितेश

अभिनेता रितेश देशमुख पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय से इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग जॉनर की कई फिल्मों में काम किया है। हालांकि, रितेश अपने करियर में कुछ एक फ्रेंचाइजी फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं, जो उनके करियर में हिट फिल्में लेकर आया है। इसमें 'हाउसफुल' और 'मस्ती' जैसी फ्रेंचाइजी फिल्में शामिल हैं। वो एक बार फिर 'मस्ती' के चौथे पार्ट में भी नजर आने वाले हैं। अब इन फ्रेंचाइजी फिल्मों को लेकर बात करते हुए अभिनेता ने इन्हें अपने लिए भाग्यशाली बताया है।

अभिनेता रितेश देशमुख ने अपने करियर में फ्रेंचाइजी फिल्मों में काम करने को लेकर बात की। अभिनेता ने कहा कि मुझे लगता है कि हर अभिनेता को भाग्यशाली महसूस करना चाहिए अगर वे किसी फ्रैंचाइजी का हिस्सा हैं या किसी का दूसरा भाग बना है। आप जानते हैं कि वर्तमान में मैं शायद 4 फिल्में कर रहा हूं। मैं उन फिल्मों का हिस्सा बनकर बेहद खुशकिस्मत महसूस करता हूं जिन्हें लोग शायद इतना पसंद करते हैं कि हम तीसरा और चौथा भाग बना पा रहे हैं। यह सब दर्शकों की बदौलत है।

हालांकि, फिल्मों के लगातार सीक्वल बनने और उनके स्वाभाविक रूप से बंद हो जाने के सवाल पर रितेश का कहना है कि थकान दर्शकों पर या दर्शकों की थकान पर निर्भर करेगी और साथ ही ये किश्तें लंबे गैप पर आ रही हैं। ये पांच साल और यहां तक कि दस साल के गैप पर भी आ रही हैं। इसलिए ऐसा नहीं है कि वे हर महीने वापस आ रही हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो रितेश देशमुख आखिरी बार फ्रेंचाइजी फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आए थे। इसके अलावा आने वाले वक्त में भी वो दो फ्रेंचाइजी फिल्मों 'मस्ती 4' और 'धमाल 4' में नजर आएंगे। इसके अलावा वो मराठी फिल्म 'राजा शिवाजी' में भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन भी खुद रितेश देशमुख कर रहे हैं।

# ईशा कोप्पिकर अपनी अगली फिल्म रॉकेटशिप में निभा रही हैं एक स्नेही माँ का किरदार



नवोदित कलाकारों को प्रोत्साहित करने में हमेशा आगे रहने वाली ईशा कोप्पिकर ने एक बार फिर युवा प्रतिभाओं के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। अभिनेत्री, जो नए और उभरते टैलेंट को बढ़ावा देने की पुरजोर समर्थक रही हैं, उन्होंने एक बार फिर सुभाष घई के प्रतिष्ठित संस्थान व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल अकेडमी में फिल्म निर्माण के छात्रों को अपना प्यार और समर्थन देकर यह सिद्ध किया है। यह प्रतिभाशाली अभिनेत्री छात्रों के डिप्लोमा प्रोजेक्ट रॉकेटशिप में अभिनय कर उन्हें अपनी अनुभवपूर्ण उपस्थिति और स्टार पॉवर के जरिए सहयोग प्रदान किया है, जिससे इन नवोदित फिल्मकारों की रचनात्मक दृष्टि को साकार करने में मदद मिली है।

ईशा कहती हैं, जब छात्रों ने मुझसे संपर्क किया, तो मैं इस प्रोजेक्ट में उनका साथ देने के लिए निःसंकोच तैयार हो गई। इन बच्चों में अपार क्षमता है, जो उस वक्त साफ़ नजर आई जब इन्होंने मुझे अपनी कहानी और स्क्रिप्ट सुनाई। मैं इन बच्चों से खुद को जोड़ पाती हूँ क्योंकि इन्होंने भी सब कुछ ज़ीरो से शुरू किया है, ठीक वैसे ही जैसे मैंने किया था। मेरे पास इंडस्ट्री में कोई गॉडफादर नहीं था। इसलिए जब मैं इन्हें अपने सपनों की शुरुआत करते देखती हूँ, तो वो मेरे लिए प्रेरणादायक और संतोषजनक अनुभव होता है। आज रॉकेटशिप का पहला पोस्टर जारी किया गया, जो यह दर्शाता है कि यह फिल्म एक भावनात्मक और दिल को छू लेने वाली कहानी पेश करेगी जैसी दर्शकों ने पहले शायद ही कभी देखी हो। फिल्म में माँ-बेटी के रिश्ते को केंद्र में रखा गया है, और ईशा कोप्पिकर का किरदार विशेष रूप से दर्शकों की भावनाओं को झकझोरने के लिए गढ़ा गया है। यह फिल्म व्हिसलिंग वुड्स के छात्रों की अकादमिक यात्रा का एक समापन प्रोजेक्ट है, और एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री जैसे ईशा की भागीदारी इस प्रोडक्शन को ऊँचाई प्रदान करती है, साथ ही छात्रों को इंडस्ट्री का वास्तविक अनुभव भी मिल रहा है। उनका इस शैक्षिक पहल का हिस्सा बनना यह दर्शाता है कि वे मेंटरशिप और व्यावहारिक अनुभव की महत्ता को भलीभांति समझती हैं, जो आने वाली पीढ़ी के फिल्म निर्माताओं और कहानीकारों के विकास के लिए बेहद आवश्यक है। ईशा की यह भागीदारी सिर्फ एक अभिनय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक खूबसूरत सहयोग का प्रतीक है—जहां उनका अनुभव युवा दिमागों को दिशा देता है और युवाओं की नई सोच व नवाचार उनके खुद के रचनात्मक सफर को भी प्रेरित करती है। स्थापित और उभरती प्रतिभाओं के इस मेल से एक ऐसा सीखने का माहौल बनता है जहाँ पारंपरिक फिल्म निर्माण की समझ और आधुनिक कहानी कहने की तकनीकें एक-दूसरे को समृद्ध करती हैं।

# अनिल शर्मा का ऐलान, जल्द आएगी गदर 3




सनी देओल और अमीषा पटेल अभिनीत फिल्म गदर-2 को रिलीज हुए दो साल पूरे हो चुके हैं। अब इसके निर्देशक अनिल शर्मा ने आगे की योजनाओं पर अपनी बात साझा की। अनिल शर्मा ने बातचीत में इसके सीक्वल की सबसे खास बात बताई और साथ ही आगे आने वाले गदर 3 की योजना भी साझा की। अनिल शर्मा ने बताया कि गदर 2 की सबसे अच्छी बात यह रही कि पहले भाग में बच्चे दिखे उत्कर्ष शर्मा बड़े होकर उसी भूमिका में नजर आए। उन्होंने कहा, शायद ऐसा पहली बार है कि एक बच्चे का किरदार निभाने वाला कलाकार बड़ा होकर उसी भूमिका को दोबारा निभा रहा है।

फिल्म बनाते समय सबसे बड़ी चुनौती कहानी को पहले भाग से आगे बढ़ाना था। अनिल शर्मा ने कहा, हमें कहानी को आगे ले जाने के लिए काफी समय सोचना पड़ा। जब कहानी सही ढंग से बनी, तो इंतजार वाकई सफल साबित हुआ।

फिल्म निर्देशक से पूछा गया कि क्या गदर की सफलता ने उनकी उम्मीदें गदर 2 के लिए बढ़ा दी थीं? उन्होंने बताया, गदर दर्शकों के दिलों में बस गई थी।

पिछले बीस सालों से हर कोई मुझसे पूछता रहा कि मैंने गदर 2 क्यों नहीं बनाई। मुझे पता था कि लोगों को इन किरदारों से बहुत प्यार है। मुझे फिल्म की सफलता पर पूरा भरोसा था। असल में, मैंने रिलीज से पहले ही कहा था कि यह फिल्म 500 करोड़ रुपए कमाएगी। शुक्र है कि भगवान ने मेरी बात सुन ली। अनिल शर्मा ने कहा, फिल्म के किरदारों से जुड़ी मोहब्बत ही इसे एक विरासत बनाती है। उन्होंने बताया, गदर 3 पर काम शुरू हो चुका है। कहानी जारी रहेगी क्योंकि दर्शकों के दिलों में यह कहानी और किरदारों की खास जगह बनी हुई है।



# रजनीकांत से लेकर श्रुति हासन तक, साउथ के इन कलाकारों ने बॉलीवुड में जमाई धाक

बॉलीवुड इंडस्ट्री में कभी हॉलीवुड तो कभी साउथ के कलाकारों ने काम किया है। साउथ के कई कलाकारों ने साउथ की फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी की तो उन्होंने बॉलीवुड में भी खूब नाम कमाया है। आज हम साउथ के उन कलाकारों के बारे में जानेंगे जिन्हें बॉलीवुड के दर्शकों ने खूब प्यार दिया।

## रजनीकांत

साउथ के जिस अभिनेता को बॉलीवुड में सबसे ज्यादा प्यार मिला वह रजनीकांत हैं। साउथ में उन्हें भगवान की तरह माना जाता है। हालांकि बॉलीवुड में भी उनका योगदान कुछ कम नहीं है। उन्होंने बॉलीवुड में गिरफ्तार, चालबाज, हम और बुलंदी जैसी फिल्में कीं। इसके लिए उनकी खूब सराहना हुई।

## कमल हासन

कमल हासन साउथ के दिग्गज कलाकार हैं। उन्होंने बॉलीवुड में सदमा, सागर और चाची 420 में अभिनय किया है। बॉलीवुड में उनके अभिनय को खूब सराहा गया है। बॉलीवुड में शोहरत के मामले में वह रजनीकांत से कम नहीं हैं। उन्होंने 4 नेशनल अवॉर्ड और 19 फिल्मफेयर अवॉर्ड जीते हैं।



## श्रुति हासन

पिता कमल हासन की तरह श्रुति हासन ने साउथ में खूब नाम कमाया है। बॉलीवुड में कई बेहतरीन फिल्मों से उन्होंने अपनी अदाकारी की छाप छोड़ी है। उन्होंने रमैया वस्तावैया में बेहतरीन अदाकारी की। इसके अलावा अक्षय कुमार के साथ गब्बर फिल्म की। बॉलीवुड के दर्शकों को उनकी अगली फिल्म का इंतजार है।

## आर माधवन

आर माधवन ने न सिर्फ अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में काम किया बल्कि वह हर किरदार में आसानी से ढल गए। फिल्म रहना है तेरे दिल में से उन्हें बॉलीवुड में पहचान मिली। साला खड़ूस में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई। बॉलीवुड में उन्होंने रंग दे बसंती, 3 इडियट्स और तनु वेड्स मनु में अच्छा काम किया है।



## धनुष

साउथ के सुपरस्टार धनुष ने बॉलीवुड में कई फिल्मों में काम किया। उन्होंने फिल्म रांझणा से दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने बॉलीवुड को दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म शमिताभ में बेहतरीन अदाकारी की। उनका गाना कोलावेरी डी भी काफी लोकप्रिय हुआ।

## असिन

बॉलीवुड में आने से पहले ही असिन साउथ में काफी मशहूर हो चुकी थीं। उन्होंने तमिल और तेलुगु में कई कामयाब फिल्में कीं। उन्होंने बॉलीवुड में आमिर खान के साथ फिल्म गजनी में काम किया। इसके बाद उन्होंने सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन के साथ काम किया।

## सिद्धार्थ

सिद्धार्थ ने बॉलीवुड में ज्यादा फिल्में नहीं कीं हैं लेकिन फिल्म रंग दे बसंती में उन्होंने बेहतरीन किरदार निभाया है। बताया जाता है कि उन्हें बॉलीवुड से कई ऑफर मिले लेकिन उन्होंने कई ऑफर स्वीकार नहीं किए। अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के साथ शादी को लेकर वह सुर्खियों में रहे।

## तमन्ना भाटिया

तमन्ना भाटिया साउथ की मशहूर अभिनेत्री हैं। उन्होंने बाहुबली से खूब नाम कमाया। बॉलीवुड में उनकी एंट्री बहुत खास नहीं रही। उन्होंने चांद सा रौशन चेहरा और हिम्मतवाला में अभिनय किया। बॉलीवुड में उनके आइटम गानों आज की रात और नशा को खूब पसंद किया गया।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in